Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 15, अंक 116 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, शनिवार 14 मार्च 2026 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### 3 साल से कम उम्र के बच्चों लिए व्हाटसएप लाएगा नया फीचर

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाटसएप जल्द ही बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक नया फीचर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी 'पैरेंट मैनेज्ड अकाउंट' नाम के फीचर पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों के लिए प्लेटफॉर्म को अधिक सुरक्षित बनाना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सिस्टम खास तौर पर 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों का व्हाट्सएप अकाउंट उनके माता-पिता के अकाउंट से लिंक रहेगा, जिससे पैरेंट्स बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रख सकेंगे। नए फीचर के आने के बाद माता-पिता को कई तरह के कंट्रोल मिलेंगे। वे यह तय कर सकेंगे कि बच्चे को कौन मैसेज भेज सकता है, किन लोगों को उसकी कॉन्टैक्ट लिस्ट में जोड़ा जा सकता है और उसे किन ग्रुप्स में शामिल किया जा सकता है। इसका मकसद बच्चों को अनजान लोगों के संपर्क से बचाते हुए सुरक्षित माहौल में मैसेजिंग की सुविधा देना है।

### वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद मुश्किलों में घरे हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एक नए विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने की है, जिन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर क्रिकेटर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की अपील की है। शिकायत बेंगलुरु के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, जबकि एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार शिकायत पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने हार्दिक पांड्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि भारत की जीत के बाद खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इनमें हार्दिक पांड्या कंधे पर तिरंगा लपेटकर मैदान में दौड़ते और डांस करते दिखाई दे रहे हैं।

### देश के कई हिस्सों में आग लगने की घटनाओं ने मचाई अफरा-तफरी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली और गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हुई अग्निकांड की घटनाओं ने आम जनमानस को दहशत में डाल दिया। हालांकि, राहत एवं बचाव कार्यों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन इन हादसों ने हजारों परिवारों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। जहां कई लोग झुलसने के कारण अस्पतालों में उपचाराधीन हैं, वहीं अनेक परिवारों के सिर से आशियाना छिन गया है। दिल्ली के मटियाला इलाके में देर रात मच्छी मार्केट के पास लगी भीषण आग ने करीब 400 झुग्गियों को राख कर दिया। यह आग रात 11:54 बजे रिपोर्ट की गई थी और 25 फायर टेंडरों की मदद से सुबह 3:25 बजे तक काबू पा लिया गया।

भाजपा की डबल इंजन सरकार

# असम के तेज विकास के लिए काम कर रही-पीएम मोदी

गुवाहाटी/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलाव करना पड़ा। प्रधानमंत्री का आज कोकराझार जाने का कार्यक्रम तय था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। अधिकारियों के मुताबिक इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के



तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी। इससे पहले, पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरुआत की। इस योजना के तहत, अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने और राष्ट्रीय राजमार्गों व ग्रामीण सड़कों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं। इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, पीएम मोदी ने कोकराझार जिले के बाशबारी में आवधिक मरम्मत (पीओएच) कार्यशाला की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### कांग्रेस के कार्यकाल में वैश्विक संकट का सीधा असर किसानों पर होता था


पीएम मोदी ने असम में कांग्रेस के कार्यकाल में हुए घोटालों को लेकर भी जमकर जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार किसानों के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में भाजपा-एनडीए की सरकार ने आत्मनिर्भरता को लेकर भी अहम फैसले लिए हैं। दुनिया के दूसरे हिस्सों में होने वाली लड़ाई का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, पहले किसानों पर सीधा असर पड़ता था। कभी खाद महंगी होती थी, कभी डीजल और ऊर्जा पर खर्च बढ़ जाता था।ऐसा इसलिए क्योंकि दशकों तक कांग्रेस पार्टी ने भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रखा था। आज सरकार कोशिश इस बात की कर रही है कि डीजल पर खर्च को न्यूनतम किया जा सके।

भाजपा गैस की कमी को स्वीकारे

## तो जनता खुद सहयोग करेगी-अखिलेश यादव



**लखनऊ।** यूपी में रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अफ्वाहजीवी है। भाजपा की सरकार खुद अफ्वाह फैला रही है कि गैस की कहीं कोई कमी नहीं है जबकि हर जिले में कमी को देखा जा रहा है। अगर सरकार गैस की कमी को स्वीकार कर ले तो जनता खुद सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि गैस लापता हो गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी और आगरा सहित अलग-अलग जिलों में गैस के लिए लगी लाइनें सोशल मीडिया पर नजर आ रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं पा रही है। बुकिंग करने पर एरर दिखा रहा है। साफ्टवेयर से कौन खिलवाड़ कर रहा है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसे कोई कैसे छिपा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग गांव में रहते हैं वो चूल्हे पर खाना बना सकते हैं



झारखंड के रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई (बाएं से दूसरे), पार्टी नेता भंवर जितेंद्र सिंह (दाएं से दूसरे), और अन्य।

टटीरी गाने पर महिला आयोग की सख्ती

## बादशाह का पासपोर्ट जब्त करने की मांग...



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उनके पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही तुरंत गिरफ्तारी की मांग की गई है। यह कार्रवाई उनके नए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक और अश्लील बोलों तथा वीडियो को लेकर उठे विवाद के चलते हुई है। आयोग के सामने आज शुक्रवार को बादशाह को पेश होना था, लेकिन वे व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुए। उनकी ओर से तीन सदस्यीय कानूनी टीम मौजूद रही, जिन्होंने समय मांगने का हवाला दिया। चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने इसे बेटियों का अपमान करार देते हुए कहा, आयोग के सामने न आना हरियाणा की बेटियों का अपमान है। बादशाह को माफी मांगनी होगी, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी।

आगामी चुनाव से पहले सीएम बनर्जी का मास्टर स्ट्रोक

## एससी-एसटी ओबीसी समुदायों को लुभाने के लिए किया एलान

कोलकाता/ एजेंसी



पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता बनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा। सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। अपने पोस्ट में सीएम ममता बनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है।

### भारत के लिए राहत की खबर... स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से पार होंगे भारतीय जहाज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों को लेकर मचे हाहाकार के बीच ईरान ने भारत को खास राहत दी है। ईरान ने भारत के झंडे वाले तेल टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दे दी है। जानकारी के मुताबिक ईरान ने भारत को यह सहूलियत विदेश मंत्री एस जयशंकर की दखलंदाजी के बाद दी है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच बातचीत के बाद ईरान ने यह फैसला लिया है। ईरान की तरफ से मिली इस राहत के बाद कथित तौर पर 2 भारतीय तेल टैंकरों पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजरे हैं।

स्वाति मालीवाल ने खोली पोल

## अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच गठजोड़ बन गया है.....

नयी दिल्ली/ एजेंसी



निजी अस्पतालों में महंगे इलाज और निजी एवं चिकित्सा बीमा कंपनियों द्वारा मरीजों के दावे मनमाने तरीके से खारिज किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए शुक्रवार को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने मांग की कि इस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए स्वाति ने कहा कि आज निजी अस्पतालों और निजी बीमा कंपनियों के बीच गठजोड़ बन गया है जो आम इंसान की कमर तोड़ रहा है। उन्होंने कहा मरीज की अस्पताल में मौत हो जाती है। निजी बीमा कंपनी क्लेम देने से मना कर देती है। पूरा भुगतान न होने पर अस्पताल शव देने से मना कर देता है। गरीब परिवारों के लिए ऐसे में कर्ज लेने या अपना घर, गहने बेचने के अलावा और कोई चारा नहीं रहता। स्वाति ने कहा कि निजी बीमा कंपनी जानीमानी हस्तियों से प्रचार करवाती हैं और विज्ञापनों में कहा जाता है कि मिनटों में क्लेम मिलेगा। इस झांसे के बाद व्यक्ति निजी अस्पताल और निजी बीमा कंपनी के बीच टेनिस बॉल बन जाता है। अस्पताल में भर्ती होते ही टीपीए में पता चलता है कि आपकी बीमा कंपनी काली सूची में है।उन्होंने कहा अगर ऐसा नहीं है तो दावा बार-बार खारिज होता रहता है। कभी कहा जाता है कि पहले भुगतान करो फिर क्लेम मिलेगा। अगर क्लेम फाइल हो भी गया तो डिस्चार्ज वाले दिन भी एक कागज के लिए पूरा दिन बैठे रहना पड़ता है।

अब तक 15000 लक्ष्यों को बनाया निशाना

# हेगसेथ का बड़ा बयान-लगभग खत्म हो चुकी ईरान की सैन्य ताकत

बीजिंग। एजेंसी

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ईरान की कट्टरपंथी सेना को इस तरह तबाह कर रहा है, जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने बताया कि अमेरिका और इस्राइल की वायु सेनाओं ने मिलकर दुश्मन के अब तक 15 हजार से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, यानी प्रतिदिन एक हजार से अधिक लक्ष्य। अभी भी हमारे लड़ाकू विमान और बमवर्षक पूरे दिन ईरान के ऊपर उड़ान भर रहे हैं और खुफिया जानकारी के अनुसार लक्ष्य तय कर रहे हैं। हेगसेथ ने कहा कि दुष्ट शासन का सबसे बड़ा दु:स्वप्न। ईरान के पास कोई वायु रक्षा नहीं है। ईरान के पास कोई वायु सेना नहीं है। ईरान के पास कोई नौसेना नहीं है। उनके मिसाइल, मिसाइल लॉन्चर और ड्रोन या तो नष्ट किए जा रहे हैं या हवा में मार दिए जा रहे हैं। उनके मिसाइल भंडार में 90 फीसदी की कमी आ चुकी है। उनके एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन कल 95 फीसदी तक कम हो गए थे और जैसा कि दुनिया देख रही है, वे हॉर्मुज की खाड़ी में घबराहट और हताशा में हैं। यह कुछ ऐसा है जिसे हम देख रहे हैं, इससे निपट रहे हैं और इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, हम उनकी सैन्य क्षमताओं को इस तरह हराने, नष्ट करने और निष्क्रिय करने की योजना पर काम कर रहे हैं, जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ईरान के पास अब कोई सक्रिय वायु सेना नहीं है। उनकी पूरी नौसेना फारस की खाड़ी में नष्ट हो चुकी है और उनके मिसाइल बल दिन-प्रतिदिन घट रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि



उनके पास अब और उत्पादन करने की क्षमता भी नहीं है। बहुत जल्द ईरान की सभी रक्षा कंपनियां नष्ट हो जाएंगी। उदाहरण के लिए, दो दिन पहले तक ईरान की पूरी बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन क्षमता और उन मिसाइलों के प्रत्येक घटक का निर्माण करने वाली कंपनियां पूरी तरह नष्ट कर दी गई हैं। ईरान भर में भवन, संयंत्र और फैक्टरी लाइनों को नष्ट कर दिया गया है। हम उनके पास मौजूद मिसाइलों को मार रहे हैं। लेकिन सबसे जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि उनके पास और (मिसाइल) बनाने की क्षमता न रहे। उनके उत्पादन संयंत्र, सैन्य कारखाने और रक्षा नवाचार केंद्र नष्ट हो चुके हैं। पीट हेगसेथ ने कहा, ईरान का नेतृत्व भी अच्छे हाल में नहीं है। वे हताश हैं और भूमिगत हो गए हैं, डर के मारे छिपे हुए हैं। हम जानते हैं कि नए तथाकथित सर्वोच्च नेता घायल हो गए हैं। उन्होंने कल एक बयान जारी किया, जो वास्तव में कमजोर (बयान) था। इसमें कोई आवाज या वीडियो नहीं था। केवल लिखित बयान था। उन्होंने (राष्ट्रीय) एकता की अपील की, लेकिन लगता है कि उनके लिए एकता का मतलब हजारों प्रदर्शनकारियों की हत्या ही है। ईरान में पर्याप्त कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण मौजूद हैं। फिर उन्होंने केवल लिखित बयान क्यों दिया? मुझे लगता है कि आप कारण जानते हैं। उनके पिता की मौत हो चुकी है। वह डर गए हैं, घायल हैं, भाग रहे हैं ।

### ईरान सरेंडर करने वाला है: जी7 देशों की बैठक में बोले राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जी7 देशों के नेताओं के साथ एक वर्चुअल बैठक में यह दावा किया है कि ईरान 'लगभग आत्मसमर्पण करने वाला है'। यह जानकारी एक्सियोस द्वारा शुक्रवार को जी7 देशों के तीन अधिकारियों के हवाले से प्रकाशित की गई है, जिन्हें इस बातचीत के बारे में जानकारी दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने सहयोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने 'एक ऐसे कैंसर को खत्म कर दिया है जो हम सभी को धमकी दे रहा था।' उन्होंने बुधवार की सुबह जी-7 कॉल के दौरान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के परिणामों का भी बखान किया। ट्रंप ने यह भी कहा कि 'कोई नहीं जानता कि नेता कौन है, इसलिए ऐसा कोई नहीं है जो आत्मसमर्पण की घोषणा कर सके।


## संक्षिप्त समाचार

### आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सिरपुर द्वारा आदर्श विवाह का आयोजन



**महासमुंद(समय दर्शन)।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सिरपुर परिक्षेत्र के दुवारा कार्यालय स्थित देवालय में आदर्श विवाह का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम बूढ़ादेव की पूजा आरती गोंगो अध्यक्ष गौतम मरई कौड़िया 02 उपाध्यक्ष पवन ध्रुव के आतिथ्य में की गई। ततपश्चात नव दंपतियों का विवाह सामाजिक नेग दस्तूर, रीति रिवाज के साथ भुमका दोषीन के दुवारा किया गया। वर्तमान में आज के समय मे लोग अंधाधुंध पाश्चात्य सभ्यता संस्कृति का का अनुकरण करते हुए फिज़ूलखर्ची में शादी विवाह में बहुत सारा धन अनावश्यक रूप खर्च कर लेते है। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है व धीरे धीरे परिवार कर्ज के तले दबकर अपना विकास नही कर पाते है। आदर्श विवाह कम खर्च में सादगीपूर्ण ढंग से आदर्श वैवाहिक संबंधों को बढ़ावा देता है। यह समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा देता है। ग्राम बासकुढा के युवक वरुण ध्रुव की इस पहल की लोग बहुत प्रशंसा कर रहे है। इस आयोजन में सामाजिक पदाधिकारी किसलाल ध्रुव, सुशील नेताम, जयलाल नेताम, बाबूलाल ध्रुव, गोपी ध्रुव, दानवीर ध्रुव, वीरेंद्र नेताम रूपसिंह, हीराराम, मनीराम शिवकुमार मरकाम, गिरवर ध्रुव सहित बाँसकुढ़ा व अरण्ड के कुटुंब डिवहार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधू उपस्थित रहे।

### बायोमेट्रिक अपडेट अभियान के तहत जिले में 15762 स्कूली बच्चों का आधार अपडेट



**महासमुन्द(समय दर्शन)।** महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आधार कार्ड डाटा अपडेशन के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों में शिविर आयोजित कर स्कूली बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आधार ऑपरेटर के द्वारा कुल 943 शिविर के माध्यम के कुल 15762 बच्चो का आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। साथ ही स्कूलों में आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए निरंतर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगे भी छूटे हुए बच्चों का आधार अपडेट करने का कार्य शिविर लगाकर किया जाएगा।

### 15 मार्च को मनवा कुर्मी समाज पाटन राज का होली मिलन

**पाटन।** छ. म. कु.क्ष. समाज पाटन राज के महिला, बालिका एवं युवा कार्यकारिणी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह कवि सम्मलेन, बालिकाओ द्वारा समूह नृत्य फाग गीत, समाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु सम्मान का कार्यक्रम 15 मार्च को मनवा कुर्मी समुदायिक भावन पाटन में आयोजित की गई है।

कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि आशीष वर्मा (पूर्व ओ.एस.डी छ.ग. शासन)अध्यक्षता युगल आडिल (राजप्रधान पाटन राज)विशेष अतिथि कीर्ति नायक (अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन) कमलेश वर्मा (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन) देवेन्द्र चन्द्रवंशी (जिला पंचायत सदस्य दुर्ग) भूपेन्द्र कश्यप (पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन) कुसुमलता राकेश आडिल (जनपद सदस्य पाटन) उर्वशी वर्मा (जनपद सदस्य पाटन) रश्मि भेद प्रकाश वर्मा (जनपद सदस्य पाटन) भास्कर वर्मा (जनपद सदस्य पाटन)पुरषोत्तम कश्यप (पार्षद नगर पंचायत पाटन) नेहा बाबा वर्मा (पार्षद नगर पंचायत पाटन) संगीता धुरंधर (पार्षद नगर पंचायत पाटन) मनोज वर्मा (पूर्व लोक अभियोजक एवं शास. अभिभाषक रायपुर) सोनाली राजू वर्मा (सरपंच बोरीद), आशीष बंछोर (सरपंच दरबारमोखली) सत्यनारायण टिकरिहा (सरपंच रानीतराई), उनिका वर्मा (सरपंच बठेना), लक्ष्मी नीलू वर्मा (सरपंच देवादा), लता ताराचंद वर्मा (सरपंच रवेली) रोशन वर्मा (सरपंच फुण्डा) के उपस्थित में होंगे।

# ललितपुर के कक्षा 5 वी के बच्चो को दी गई विदाई के साथ नेवता भोज



**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखंड के संकुल केंद्र जमदरहा के शासकीय प्राथमिक शाला ललितपुर में कक्षा 5 वी के बच्चो को विदाई दी गई।आज के विदाई समारोह में मुख्य अतिथि नोनी बाई चौहान (सरपंच महोदया) विशिष्ट अतिथि समिति सदस्य कायतराम चौहान,मीना बाई चौहान पंच ,* अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेहरूलाल साहू द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की चित्र पर पुष्प अर्पित कर,दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।तत्पश्चात आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोनीबाई चौहान और उपस्थित सभी पालकों ,माताओं का पुष्पहार व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद गफ्फार खान( प्रधान पाठक ललितपुर ) ने विदाई के बारे में गीत,शायरी प्रस्तुत कर बच्चो को आशीर्वाद प्रदान किए। जिससे सभी की आंखे नम हो गईं।

तत्पश्चात कक्षा 5वी के छात्रों को कनिष्ठ सहपाठी छात्रों द्वारा स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप पेन भेंट किया गया। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने सभी बच्चो को शाला परिवार की ओर से कलम , टिफिन और टाफी देकर उज्जवल भविष्य की कामना किए।

समिति सदस्य कायतराम चौहान ने अपने संबोधन में सभी बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लेकर अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करने की बात कही तथा इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रधान पाठक को बधाई देते हुए विदा ले रहे कक्षा 5 वी के बच्चों को शुभकामनाएं दिए। इसके बाद सरपंच महोदया और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने भी विदा ले रहे बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किए। सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू ने भी बच्चो को अपने तरफ से कलम,चाकलेट प्रदान किए।विदाई कार्यक्रम पर स्वल्पहार की व्यवस्था सहायक शिक्षक प्रहलाद साहू द्वारा की गई थी इसके लिए प्रधान पाठक गफ्फार खान ने प्रहलाद साहू को धन्यवाद दिया। इसके बाद मध्यान्ह भोजन के समय प्रधान मंत्री पोषण योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नेवता भोज का आयोजन आंशिक रूप से हुआ जो इस सत्र में 24 वी बार था । पढ़कीपाली के प्रधान पाठक विरेंद्र भोई द्वारा प्रदान की गई खाद्य सामग्री से नेवता भोज का आयोजन कराया गया। नेवता भोज में केला,अंगूर, मिक्चर, बिस्किट, चाकलेट,नारियल और लाइचीदाना परोसा गया। सभी बच्चे नेवता भोज पाकर आनंदित हुए। नेवता भोज प्रदान करने वाले विरेंद्र भोई ( प्रधान पाठक पढ़कीपाली ) पी एस ललितपुर में उपस्थित नही होने के कारण उन्हें को बधाई संदेश और धन्यवाद प्रेषित किए है। मंच का संचालन और आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक गफ्फार खान प्रधान ने किया ।इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेहरूलाल साहू, उपाध्यक्ष खेमकुमारी साहू, कायतराम चौहान, मीनाबाई चौहान,अनिता चौहान, बुधियारीन, घुरऊराम, ,भगवती साहू , रामवती, गायत्री,महेत्तरीन उपस्थित थे।

आज के कायक्रम से विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक अनिल सिंह साव, जमदरहा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार, जमदरहा संकुल समन्वयक डिजेंद्र कुर्रे, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, बसना संकुल समन्वयक संघ अध्यक्ष त्रिकांत बाघ ने प्रसन्नता व्यक्त किए है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 22वीं किश्त हुइ जारी, जिले के 118890 किसानों के खाते में आई 23.91 करोड़ रूपए



**जांजगीर-चांपा, // समय दर्शन** //प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आज देशभर के किसानों के खातों में 22वीं किस्त की राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के माध्यम से पात्र किसानों के बैंक खातों में 18650 हजार करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई।

इस अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) जांजगीर में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के 118890 किसानों के डीबीटी बैंक खाते में 23.91 करोड़ रूपए अंतरित की गई है। इसके साथ ही जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन कर लाइव प्रसारण देखा गया। किसानों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

कृषि विभाग के उप संचालक श्री राकेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ रबी फसलों में दलहन और तिलहन फसलों के क्षेत्र में विस्तार करने कहा। उन्होने जिले के किसानों को मिट्टी परीक्षण की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. के. डी. महन्त ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि और उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्यगण, कृषकगण, श्री गुलाब सिंह चंदेल, सरपंच जर्वे (च) श्री कमल कश्यप, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भागवत कथा में चेन स्नैचिंग करने वाली महिला गिरफ्तार

### चैन स्नैचर महिला से सोने की चेन बरामद

### भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम उड़ेला में चल रहे श्रीमदभागवत कथा कार्यक्रम की घटना



**बसना( समय दर्शन )।** भँवरपुर चौकी पुलिस ने ग्राम उड़ेला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान एक महिला चेन स्नैचर को रंगे हाथों पकड़कर उसके पास से चोरी का सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है?। घटना 11 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे की है। ग्राम उड़ेला में आयोजित भागवत कथा और मेले के समापन के बाद जब प्रार्थिया अपने परिवार के साथ भोजन के लिए लाइन में खड़ी थी, तभी पीछे से एक अज्ञात महिला ने उसके गले से मराठी स्टाइल का सोने का मंगलसूत्र (काला मोती जड़ित) झपट लिया। प्रार्थिया की सजगता और चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद महिलाओं और तैनात पुलिस बल ने घेराबंदी कर संदेही महिला को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना बसना (चौकी भँवरपुर) में अपराध क्रमांक 114/26, धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

महासमुंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि मेलों, कथाओं या बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों, बहुत ज्यादा भीड़ वाले स्थानों में भारी सोने-चांदी के आभूषण पहनकर जाने से बचें।

नाम आरोपी महिला-

सोना गरुडी (30 वर्ष), पति किशन धनदेई, निवासी रेडा थाना व जिला सारंगढ़।

# थाना महासमुंद पुलिस की कार्यवाही, जुआ फंड में पुलिस की रेड

### 05 जुआरियों के विरूद्ध की गई जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही



**महासमुन्द (समय दर्शन)।** महासमुन्द पुलिस जिले में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने भरसक प्रयास कर रही है। इस तारतम्य मे फड़ में 52 पत्ती के साथ नगदी रकम एवं वाहन जप्त प्रकरण में पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के साथ साथ ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जा रहा है।

विवरण इस प्रकार है कि, मुखबीर से सूचना मिला कि कुछ व्यक्ति मौहारीभाठा आम रास्ता कमल चन्द्राकर के घर पास रूपये-पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर ताशपत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर हमराह स्टॉफ तथा गवाह को साथ लेकर घेराबंदी रेड कार्यवाही की गयी। रेड कार्यवाही के दौरान 05 व्यक्तियों को पकड़कर नाम-पता पुछा गया तथा उनके संयुक्त कब्जे से 61,950 रूपये, नगदी रकम, 52 पत्ती ताश एवं 02 नग मोटर सायकल जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध थाना में महासमुन्द में 121/2026 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध कायम किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है ।संपूर्ण कार्यवाही थाना महासमुंद पुलिस एवं सायबर थाना स्टॉफ के संयुक्त टीम द्वारा किया गया।

गिरफ्तार आरोपी-

01. हेमंत निषाद पिता गोवर्धन निषाद उम्र 32 साल, सा0 लाफिनखुर्द

02. सोहन साहू पिता विशाल राम साहू उम्र 44 साल, सा. ग्राम शेर

03. रोशन लाल साहू पिता स्व. सुखीराम साहू उम्र 44 साल, सा. वार्ड नं. 07 नयापारा महासमुन्द

04. राजेश चन्द्राकर पिता पिताम्बर चन्द्राकर उम्र 48 साल, सा. मौहारीभांठा महासमुन्द

05. कमल चन्द्राकर पिता स्व. भुखउराम चन्द्राकर उम्र 46 साल, सा. मौहारीभांठा महासमुन्द

जप्त संपत्ति- 01- 52 पत्ती ताश एवं 61,950.00 रूपये नगद।

02- दो नग मोटर साइकल किमत करीब 90 हजार रूपये।

जुमला जप्ती किमत 1,51 950.00 आंका गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पिथौरा की एक और उपलब्धि, सिजेरियन प्रसव पुनः हुआ प्रारंभ



**पिथौरा( समय दर्शन )।** जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार एवं डॉ आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में, जिला टीम एवं ब्लॉक टीम के डॉक्टर एवं प्रबंधकीय अधिकारी कर्मचारियों के संयुक्त टीम ने 01 सुरक्षित सिजेरियन प्रसव कराया गया।

इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा की सफलता की उपलब्धि में एक और कड़ी जुड़ गई। खण्ड चिकित्सा अधिकारी, वि.ख. पिथौरा जिला महासमुंद बीएमओ डॉक्टर तारा अग्रवाल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जच्चा बच्चा दोनों की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। इसी तरह भविष्य में इलेक्टिव गर्भवती महिला का सिजेरियन प्रसव कराया जाएगा। जो पूर्व निर्धारित होगा। आज के सुरक्षित प्रसव के दौरान जिला टीम एवं ब्लॉक टीम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे : डॉ छत्रपाल चंद्राकर, डॉ ज्योति साहू गाइनेकोलॉजिस्ट, श्रीमती नीलू घृतलहरें डी पी एम, डॉ त्रिलोक नेताम एनेस्थेटिस्ट, संदीप चंद्राकर डॉ तारा अग्रवाल बी एम ओ, डॉ प्रदीप बिशाल पीडिएक्ट्रियन, डॉ पीतांबर पटेल, एवं स्टाफ नर्स ऊषा महंत ओटी इंचार्ज, स्टाफ नर्स अजय वर्मा, स्टॉफ नर्स मनीषा चान्दू, देवनारायण यादव ओटी टेक्नीशियन, मिल्टन डॉन ओटी टेक्नीशियन, जय कांत विश्वकर्मा विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक की उपस्थिति रहे।

# तीन दिवसीय योग शिविर का सफल समापन





**बसना (समय दर्शन)।** पतंजलि योग समिति जिला महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम भगतदेवरी में 11 से 13 मार्च तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के पहले दिन से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं तथा महिलाओं ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और योग के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। पूरे तीन दिनों तक चले इस शिविर में आसपास के कई गांवों से भी लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

योग शिविर में पतंजलि योग समिति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव जी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव दूर होता है और व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर जनपद सदस्य भगतदेवरी निवासी भारती छोटू अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने योग के माध्यम से स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था किसान पंचायत के प्रभारी गणेशराम साहू द्वारा की गई। उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक और अनुशासित बनाने का मार्ग भी है। शिविर के सफल आयोजन में गणेशराम साहू की विशेष भूमिका रही और उनके प्रयासों से तीनों दिन कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति जिला महासमुंद के प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल, भारत स्वाभिमान के रमेश राय, बसना तहसील प्रभारी रमेश अग्रवाल, डॉ. वृन्दावन पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर योगाभ्यास किया।

शिविर में केदारनाथ, ग्राम गोटिया के अमर अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, खेमराज साहू सहित आसपास के कई गांवों से आए ग्रामीणों ने भाग लिया। वहीं भैरोपुर के गोटिया भी विशेष रूप से शिविर में शामिल हुए और योग का लाभ लिया।

तीन दिनों तक चले इस योग शिविर में भगतदेवरी, बसना, कंचनपुर, केसरीपुर, लालमाटी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि योग को गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीणों ने भी नियमित योग करने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

राजस्व सेवाओं में डिजिटल पारदर्शिता और आपदा प्रबंधन को मिलेगा नई ऊर्जा


# टंकराम वर्मा के राजस्व विभाग की 3502 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें पारित

### मुंगेली जिला के विजयपुर और सरगुजा जिला के देवगढ को उप तहसील बनाने की घोषणा

**रायपुर/** छत्तीसगढ़ विधानसभा में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु कुल 4 हजार 808 करोड़ 73 लाख 96 हजार रुपए की अनुदान मांगें पारित कर दी गईं। इसमें भू-राजस्व एवं जिला प्रशासन के लिए 2,206 करोड़ 2 लाख 97 हजार रुपए, राजस्व विभागीय व्यय के लिए 20 करोड़ 62 लाख 64 हजार रुपए, पुनर्वास के लिए 2 करोड़ 94 लाख 50 हजार रुपए, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत हेतु 1,272 करोड़ 99 लाख 2 हजार रुपए तथा उच्च शिक्षा विभाग के लिए 1,306 करोड़ 14 लाख 83 हजार रुपए शामिल हैं।

अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में 3,502 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है, ताकि लोगो को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। डिजिटल ऋण पुस्तिका, भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण, ऑटो डायवर्जन तथा लोक सेवा गारंटी जैसी व्यवस्थाओं से राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है द्य उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सरकार पूरी तरह सजग है। बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाओं



से प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता देने के लिए राहत और पुनर्वास व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक और पूर्व चेतावनी प्रणाली के माध्यम से आपदाओं के प्रभाव को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत राज्य में जिलों, तहसीलों और राजस्व ढांचे का विस्तार किया गया है। राज्य गठन के समय जहां 16 जिले थे, वहीं इनकी संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग, तहसील, राजस्व निरीक्षक मंडल और पटवारी हल्कों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आई है।

**ऑटो डायवर्सन और डिजिटल किसान किताब-** श्री वर्मा ने बताया कि सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करते हुए ऑटो डायवर्सन प्रणाली लागू की है, जिसके तहत आवेदन के 15 दिनों के भीतर भूमि का उपयोग परिवर्तन स्वत: हो जाता है। इससे लोगो को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली है। इसके साथ ही डिजिटल किसान किताब की सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे किसानों को भूमि स्वामित्व, ऋण स्थिति और अन्य जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो रही है। इससे बैंक से फसल ऋण लेने में भी सुविधा मिल रही है।

**भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक संबल-** उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों और पारंपरिक ग्रामीण व्यवसाय से जुड़े परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। वर्ष 2025-26 में लगभग 4.96 लाख हितग्राहियों को लाभ देने के लिए 496 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे, जबकि वर्ष 2026-27 के लिए 605 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**आधुनिक तकनीक से कृषि निगरानी -**राजस्व मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उपहार योजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र की निगरानी और सलाहकारी प्रणाली विकसित करने का निर्णय लिया है। इसमें सैटेलाइट इमेजरी, रिमोट सेंसिंग और ड्रोन तकनीक के जरिए फसल क्षेत्र, उत्पादन अनुमान और आपदा से होने वाले नुकसान का आंकलन किया जाएगा। इस योजना के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## उच्च शिक्षा विभाग की 1306 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगें पारित

### शिक्षा सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक विकास की आधारशिला

### 25 महाविद्यालयों के नए भवन बनेंगे

**रायपुर/** छत्तीसगढ़ विधानसभा में उच्च शिक्षा विभाग का वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 1306 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान मांगें पारित कर दी गई। अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री टैंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी राज्य के सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक विकास की आधारशिला है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है।उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 37 योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह बजट प्रावधान प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार, गुणवत्ता सुधार और अधोसंरचना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने बताया कि वंचित क्षेत्रों के लिए वित्तीय संसाधनों में भी वृद्धि की गई है। वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों के लिए 230.36 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर 2026-27 में 249.61 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों के लिए 103.10 करोड़ रुपये के प्रावधान को बढ़ाकर 120.23 करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार ने [illegible] (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) को विकास का प्रमुख स्तंभ बनाया है। वर्ष 2024-25 में राज्य में महाविद्यालयों की संख्या 335 थी, जो 2025-26 में बढ़कर 343 हो गई है। इसी वर्ष 8 नए स्नातक महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें संगीत, विधि और शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय भी शामिल हैं।

**नए विषय और महाविद्यालय स्थापना-** दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की सुविधा बढ़ाने के लिए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर के खड़गवा में बी.एड. (आईटीईपी) तथा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुहेला में नए महाविद्यालय की स्थापना के लिए 1.30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरगुजा विश्वविद्यालय में नए विषय शुरू करने तथा रामचंद्रपुर और घरघोड़ा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्नयन के लिए 1.40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**25 नए महाविद्यालय भवन बनेंगे-** उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 25 महाविद्यालयों के लिए नए भवन निर्माण हेतु 2500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 6 महाविद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 4.05 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**ऑडिटोरियम, छात्रावास और बाउंड्रीवाल निर्माण-** उन्होंने बताया कि कोहका-नेवरा-तिल्दा में ऑडिटोरियम निर्माण, भानुप्रतापपुर में छात्रावास निर्माण और धमतरी महाविद्यालय के छात्रावास में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए कुल 1.80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ की जल योद्धाओं की गूंजी आवाज

**रायपुर।** केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ की जल योद्धाओं ने अपनी आवाज बुलंद की। राज्य की दो महिलाओं, बिलासपुर नगर निगम की श्रीमती रुक्मिणी गोस्वामी और लोरमी की श्रीमती हेमलता खत्री ने केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की मौजूदगी में देशभर की 1000 अमृत मित्रों के साथ अपने कार्यों के अनुभव साझा किए।




केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (AMRUT 2.0) के तहत शहरी जल प्रबंधन एवं सतत विकास में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करने इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ की 75 अमृत मित्र महिलाओं ने भागीदारी की। ये महिलाएं राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में वृक्षारोपण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल संरचना संचालन तथा सामुदायिक जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने विगत 11 मार्च को रायपुर रेलवे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर महिलाओं के इस दल को नई दिल्ली के लिए रवाना किया था।

अमृत मित्र महोत्सव में भागीदारी करने वाली स्वसहायता समूहों की ये महिलाएँ 'वीमेन फॉर ट्री' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, हरित क्षेत्रों के संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। छत्तीसगढ़ की ये अमृत मित्र महिलाएँ अपने-अपने शहरों में तकनीकी और सामुदायिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभा रही हैं। घरों तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जल गुणवत्ता के परीक्षण, जल उपचार संयंत्रों (WTP) और वितरण नेटवर्कों के संचालन तथा रखरखाव में सहयोग के साथ ही जल संरक्षण तथा कचरे से कंचन जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण काम ये महिलाएं कर रही हैं।

देशभर के स्वसहायता समूहों के सर्वोत्तम अनुभवों और नवाचारों को साझा करने के इस राष्ट्रीय मंच को छत्तीसगढ़ की दो अमृत मित्रों ने भी साझा किया।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से जर्जर पुल के निर्माण की शुरुआत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में सिंगीबहार से कछुआकानी मुख्य मार्ग पर स्थित जर्जर पुल के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। लंबे समय से पुल की जर्जर स्थिति के कारण क्षेत्र के लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर थे।




मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के संज्ञान में मामला आने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बताया गया है कि सिंगीबहार-कछुआकानी मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जो छत्तीसगढ़ को पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओडिशा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। पुल के खराब होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया को जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निर्देश मिलते ही संबंधित विभाग ने स्थल पर पहुंचकर पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। पुल निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का अब समाधान होने जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुल बनने से आवागमन सुरक्षित होने के साथ ही आसपास के गांवों के विकास और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

छ.ग. तथा अन्य राज्यों से म्यूल खाते खरीद कर करते थे पश्चिम बंगाल आसनसोल में बिक्री

# म्यूल खातो का खरीदी-बिक्री करने वाला फरार स्थाई वारंटी सुनील यादव उर्फसोनू एवं 01 महिला आरोपी सहित कुल 02 गिरफ्तार

**रायपुर**

विवरण - प्रार्थी पवन यादव ने थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह श्याम नगर इंदिरा चौक तेलीबांधा रायपुर में रहता है तथा स्वयं का किराना दुकान संचालित करता है। प्रार्थी के किराना दुकान में पूजा सिंह नामक महिला अपने घर का किरना सामान लेने आती रहती है जिसके कारण प्रार्थी की पूजा सिंह से जान पहचान थी। माह फरवरी 2026 में पूजा सिंह अपने दोस्त सुनील यादव को लेकर आई और बताई कि कंपनी का पैसा आने वाला है और उनका आनलाईन बैंकिंग काम नहीं कर रहा है जिस हेतु पूजा सिंह ने प्रार्थी का बैंक खाता नंबर मांगा जिसके बाद प्रार्थी ने उन्हें अपना बैंक ऑफ़ महाराष्ट्रा का बैंक खाता विवरण तथा ए.टी.एम. कार्ड दे दिया। कुछ समय बाद पूजा सिंह और सुनील यादव प्रार्थी के पास वापस आये और बताये कि उसके खाते का लिमिट खतम हो गया है जिससे प्रार्थी के बैंक खाता में उनका डेढ लाख रूपये फंस गये है बताया तथा जरूरी काम बताकर प्रार्थी से उसका दूसरा एच.डी.एफसी बैंक के खाता उक्त फंसे हेतु डेढ लाख रूपये ट्रांसफर किये तथा उसमें से 50000/- रूपये ए.टी.एम. से निकाल के दिया ए.टी.एम. की लिमिट समाप्त हो जाने पर प्रार्थी द्वारा शेष 01 लाख रूपये को अपने इंडसइंड बैंक में जमा कर चेक के माध्यम से निकालकर सुनील यादव को दिया गया। कुछ दिनों बाद प्रार्थी को उसके बैंक ऑफ महाराष्ट्रा से फोन आया कि आपके बैंक खाता में 1,50,000/- रूपये का होल्ड पुलिस द्वारा फ्रॉड की रकम का लेन-देन होने पर लगाया गया है। इस प्रकार पूजा सिंह एवं सुनील



यादव द्वारा प्रार्थी से उसके बैंक खाता को प्राप्त कर उसका दुरूपयोग कर धोखाधड़ी हेतु उपयोग किया गया है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अप.क्र 165/26 धारा 318(4), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रार्थी से घटना के संबधं में पूछताछ कर प्रकरण में आरोपी पूजा सिंह एवं सुनील यादव की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सुनील यादव एवं पूजा सिंह के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी सुनील यादव एवं पूजा सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा म्यूल बैंक खातों के उपयोग के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा छ.ग. एवं अन्य राज्यों से प्रार्थियो को झांसे में लेकर बैंक खाते क्रय करना एवं आसनसोल पश्चिम बंगाल में बिक्री करना बताया गया है। आरोपी सुनील यादव पूर्व में मारपीट एवं लूट जैसे मामलों में थाना जी.आर.पी चरौदा से रह चुका है जेल निरूद्ध तथा आरोपी लूट के मामले में थाना कुम्हारी जिला दुर्ग का स्थाई वारंटी है जो लम्बे समय से फरार चल रहा था। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर कब्जे से 13 नग ए.टी.एम. कार्ड, 07 नग पासबुक, 08 नग सिम तथा 03 नग मोबाईल फोन जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के लिए 90 .70 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 90 करोड़ 69 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 51.40 किमी सड़क का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही 1.40 किमी लंबाई के अंधे मोड़ का पुनर्रेखन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

### वीवो Y51 प्रो 5G हुआ लॉन्च

**रायपुर।** वीवो इंडिया ने आज अपने Y सीरीज़ में नया स्मार्टफोन वीवो Y51 प्रो 5G लॉन्च किया। नया Y51 प्रो उन यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज़ और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है।लंबे समय तक चलने वाली परफॉर्मेंस, स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के आसान इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए यह डिवाइस वीवो की उस सोच को दिखाता है जिसमें वह ऐसे प्रैक्टिकल इनोवेशन लाना चाहता है जो प्रोडक्टिविटी और एंटरटेनमेंट दोनों में मदद करें और Y सीरीज़ के पोर्टफोलियो में लंबे समय तक वैल्यू दें। वीवो Y51 प्रो 5G में बड़ी 7200 mAh बैटरी दी गई है और यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट से पावर्ड है। इसमें बेहतर मजबूती के लिए आईपी68 और आईपी69 रेटिंग दी गई है और 50 एमपी एचडी वाइड-एंगल मेन कैमरा के साथ 4K वीडियो रिकॉर्डिंग का सपोर्ट भी मिलता है। वीवो Y51 प्रो 5G में शानदार डिजाइन दिया गया है, जिसमें सीमलेस वन-पीस फ्रेम और 3D क्वाड-कर्व्ड बैक है, जो फोन को हाथ में पकड़ने पर आरामदायक बनाता है। बड़े रेडियस वाले कॉर्नर और मेटैलिक कैमरा डेको इसे प्रीमियम लुक देते हैं। यह दो रंगों में उपलब्ध है — फेस्टिव रेड, जो त्योहारों की लालटेन की गर्म रोशनी से प्रेरित है और ब्लैक बेज़ल के साथ आता है; और नोबल गोल्ड, जिसमें वीवो का सिग्नेचर ग्रेडिएंट ग्रेटिंग डिजाइन है, जो 3ष्ठ डेप्थ इफेक्ट देता है। डिवाइस की कीमत 8GB + 128GB वेरिएंट के लिए 24,999 रुपये और 8GB + 256GB वेरिएंट के लिए 27,999 रुपये रखी गई है। यह स्मार्टफोन 11 मार्च 2026 से वीवो की आधिकारिक वेबसाइट, फ्लिपकार्ट और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

### स्मार्ट मॉर्निंग न्यूट्रिशन की शक्ति से अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं - शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट

मौसम बदलने के समय मौसमी वायरल संक्रमण अक्सर बढ़ जाते हैं, इसलिए अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी, फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियां ऐसे मौसम में तेजी से फैलती हैं। इसलिए दिन की शुरुआत से ही शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना फायदेमंद होता है। सुबह के भोजन में बादाम, अंडे, खट्टे फल, फर्मेंटेड फूड्स और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने से शरीर को ऊर्जा और जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलते हैं। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और शरीर में सूजन कम करने में मदद करते हैं। यहां सुबह के भोजन में शामिल करने के लिए चार आसान विकल्प दिए गए हैं।

**बादाम**- बादाम 15 पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें विटामिन श्व, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक शामिल हैं। ये पोषक तत्व शरीर में एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि को बढ़ाते हैं और इम्यून कोशिकाओं को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करते हैं। दिन की अच्छी शुरुआत के लिए बादाम को दलिया या दही में मिलाकर खाएं या सीधे भी खा सकते हैं।

**अंडे** - अंडे उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन के साथ विटामिन ष्ठ और कई अन्य जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। ये पोषक तत्व इम्यून सिस्टम के संतुलन, टी-सेल की गतिविधि और शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में मदद करते हैं। पौष्टिक नाश्ते के लिए अंडों को उबालकर, पोच बनाकर या स्क्रैम्बल करके पालक और होल व्हीट टोस्ट के साथ खाया जा सकता है।

**साइट्रस फल**- संतरे, ग्रेपफ्रूट और मौसंबी में विटामिन ष्ट पाया जाता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और एक शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट का काम करता है। यह संयोजन आपके शरीर की हानिकारक सूक्ष्मजीवों के खिलाफपहली सुरक्षा पंक्ति को मजबूत करता है। इन्हें सीधे खाया जा सकता है या पानी में डालकर ताजगी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। साइट्रस फलों के अलावा, आंवला और अमरूद भी विटामिन ष्ट से भरपूर होते हैं। इन्हें जब भी मौका मिले, अपने भोजन या नाश्ते में शामिल करें।

### शहरों में स्वच्छता के नियमित मूल्यांकन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग शुरू

**रायपुर।** ठोस व तरल अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन, नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य तथा शहरों की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नई पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग प्रारंभ किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च को रायपुर में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में इसका शुभारंभ किया। इसके शुभारंभ के साथ ही राज्य शासन ने शहरों में स्वच्छता के नियमित मूल्यांकन हेतु छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग के क्रियान्वयन के लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा है कि राज्य शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इस हेतु सतत् सफाई व्यवस्था एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रस्तुत दावों के मूल्यांकन एवं सत्यापन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग 2025-26 के अंतर्गत निकायों में सर्वेक्षण प्रारंभ किया जा रहा है।

## संपादकीय

## मुकदमे की कार्यवाही

हालिया न्यायिक निर्णयों ने इस धारणा की पुष्टि की है कि सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ। जिन साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज हुए, उनका सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। कथित शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 23 अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मामला खारिज करते हुए जज ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर गौर करने के बाद शायद ही किसी के मन शक बचे कि ये पूरा मामला बदनीयती से गढ़ा गया था। उसके एक दिन पहले पंचकूला से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में भी ऐसा ही बड़ा फैसला आया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को क्लीन चिट दे दी। मामला पंचकूला में संस्थागत प्लॉट के दोबारा आवंटन से जुड़ा था। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 2006 में इस निर्णय को विधिवत मंजूरी दी थी, इसलिए मामले में अनियमितता के सारे इल्जाम बेबुनियाद हैं। उसके पहले बीते दिसंबर में नेशनल हेराल्ड मामले में ही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की मनी लॉन्ड्रिंग चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। इन घटनाओं ने इस आम धारणा की पुष्टि की है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ है। एजेंसियों ने जिन कथित साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज किए, उनका जब सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि ऐसे सारे मामलों में मुकदमे की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर चलाई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। किसी भी व्यक्ति पर सालों साल मुकदमों का साया डाले रखना या अभियुक्तों को जेल में रखना (जैसाकि दिल्ली दंगों और भीमा कोरेगांव जैसे मामलों हुआ है) किसी रूप में उचित नहीं है। इससे भारत में प्रक्रिया ही दंड है- जैसी दुर्भाग्यपूर्ण धारणा लोगों के मन में गहराती चली गई है। सर्वोच्च न्यायपालिका ने जमानत जैसे बुनियादी तकाजे के बारे में भी तत्परता ना दिखाकर ऐसी धारणा को मजबूत किया है। नतीजतन, आपराधिक न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। अतः सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित होगा कि वह राजनीतिक प्रकृति के तमाम संदिग्ध मामलों में जल्द सुनवाई सुनिश्चित कराए।

## सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे!

**हरिशंकर व्यास**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक नया जुमला बोला। उन्होंने एआईओ 'मानव' की बात कही। पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार यही काम करती रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की पूरी टीम इसी काम में लगी रहती है कि कैसे हिंदी, अंग्रेजी और जरुरत हो तो उर्दू के शब्दों के पहले अक्षर लेकर एक शब्द बनाया जाए। कुछ दिन पहले ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी कानून बना। सोचें, कितनी मेहनत लगी होगी इस कानून को जी राम जी नाम देने में। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के शब्द एक साथ शामिल किए गए। उसी तर्ज पर 'मानव' का जुमला प्रधानमंत्री ने बोला है। यह एक हिंदी शब्द है, जिसके अंग्रेजी अक्षरों एमएएनएवी से बना कर कुछ मैसेज देने की कोशिश की गई। इसमें एम फॉर मोरल यानी नैतिक, ए फॉर अकाउंटेबिलिटी यानी जवाबदेही, एन फॉर नेशनल सॉवरेनिटी यानी राष्ट्रीय संप्रभुता, ए फॉर एक्सेसिबल यानी सुगम और वी फॉर वैलिड यानी वैध। ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो 'मानव' का जुमला दे डाला। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए गूगल के सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मुलाकात से बाहर निकले तो मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण देगी। यह काम दशकों से हो रहा है। अमेरिका और यूरोप के देश तकनीक बनाते हैं और उसे भारत में बेचने से पहले भारत को लोगों को उसका प्रशिक्षण देते हैं। ताकि वे उसके उपयोक्ता बन सकें। यही काम कंप्यूटर और ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में 40 साल पहले हो रहा था और अब एआई के मामले में हो रहा है। लेकिन यहां भी प्रधानमंत्री की टीम जुमला उछालने से बाज नहीं आई। गूगल के पेशेवर भारत सरकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे और उस परियोजना का नाम 'कर्मयोगी' होगा। सोचें, भारत के सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगी' होने लगे! ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों से आम नागरिकों की शिकायत यह रहती है कि वे कामचोर होते हैं और रिश्वत लेते हैं। तो क्या अब एआई से कैसे कामचोरी करें और कैसे रिश्वत लें इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी? यह भी सवाल है कि जब भारत विश्वगुरू है तो अमेरिका की कंपनी के लोग भारत के कर्मचारियों को क्यों ट्रेनिंग देंगे? कायदे से तो मोदीजी को भारत से लोगों को भेजना चाहिए था, जो अमेरिका और यूरोप के लोगों को ट्रेनिंग देंगे। दुनिया हमको सिखाएगी एआई चलाना और जबकि हम अपने को विश्वगुरू कहते हैं! संसद के बजट सत्र में एक दिन राज्यसभा की कार्यवाही में कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस मामले में अच्छा कहा। राजीव शुक्ला ने कहा कि गुरू होने के लिए शिष्य की जरुरत होती है। लेकिन भारत के पास शिष्य कहां हैं? उन्होंने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ कई देश खड़े रहे लेकिन भारत के साथ एक भी देश खड़ा नहीं हुआ। यह कैसा विश्वगुरू देश है, जिसके साथ जरुरत पड़ने पर कोई देश खड़ा नहीं हो? बहरहाल, जी राम जी, मानव, कर्मयोगी जैसे जुमलों की भारत में कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यालय को तीर्थ बना लिया।

# धूम्रपान मुक्त पीढ़ी ही है स्वस्थ भविष्य की बुनियाद

**योगेश कुमार गोयल**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है।



तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबाकू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रतिबंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है।

तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है।

धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफजागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है।

बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

# जीवन और संघर्ष की प्रेरकगाथा, प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा, समानता और मानवता के आदर्शों के लिए समर्पित कर दिया। ऐसी ही महान विभूति थीं ममता मयी मिनीमाता, जिन्हें छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे भारत में अनुसूचित जातिजनजाति पिछड़ा-वंचित समाज की आवाज़ के रूप में सम्मान दिया जाता है। वे छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश) से लोकसभा में पहुँचने वाली प्रथम महिला सांसद थीं।




मिनीमाता केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवता की सशक्त प्रतीक थीं। उनके व्यक्तित्व में मातृत्व की करुणा, नेतृत्व की दृढ़ता और समाज सुधार की प्रेरणा एक साथ दिखाई देती है।

**प्रारम्भिक जीवन-** मिनीमाता का जन्म फगुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा होली की रात 13 मार्च 1913 ई. के आसपासअसम में एक साधारण परिवार में हुआ था। उनकाबचपन का नाम मीनाक्षी देवी था। माता जी का नाम देवमती एवं पिता जी का नाम महंत बुधारी दास था। उनका परिवार सन1900के दशक में छत्तीसगढ़ में भीषण अकाल पड़ने के कारण आसाम के चाय बगान में काम करने पलायन कर गया था उनका बचपन कठिन परिस्थितियों में बीता, लेकिन उनमें बचपन से ही सेवा, करुणा और समाज के प्रति समर्पण की भावना थी।

उनका विवाह सतनामी समाज के प्रतिष्ठित संत एवं समाज सुधारक गुरुगोसाई अगमदास जी से 2 मार्च 1932को हुआ था,जो कि गुरुमाता के नाम से जानी गई। गुरु गोसाई अगम दास जी गुरु घासीदास जी की वंश परंपरा के महान संत और समाज के मार्गदर्शक थे। विवाह के बाद मिनीमाता ने सतनाम पंथ के आदर्श—सत्य, समानता और मानवता—को अपने जीवन का मार्ग बना लिया।

**सामाजिक सेवा और नेतृत्व-** गुरु अगमदास जी के साथ रहते हुए मिनीमाता ने समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सतनामी समाज और दलित वर्ग के लोगों को शिक्षा, स्वाभिमान और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया।

उनका मानना था कि समाज की उन्नति शिक्षा, समान अधिकार और सामाजिक एकता से ही संभव है।

**उन्होंने विशेष रूप से इन क्षेत्रों में काम किया -** अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा एवं वंचित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष

महिलाओं की शिक्षा और सम्मान के लिए जागरूकता

सामाजिक भेदभाव और छुआछूत के विरुद्ध अभियान

सतनाम पंथ के मानवीय संदेश का प्रचार

उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे हर दुखी और पीड़ित व्यक्ति की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती थीं। यही कारण था कि लोग उन्हें प्रेम से ममता मयी मिनीमाता कहकर पुकारते थे।

**राजनीति में प्रवेश-** जगत गुरु गोसाई गुरु अगमदास जी के निधन के बाद 1952 के आम चुनाव में सांसद मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़,) के प्रथम महिला सांसद चुनी गई।समाज की सेवा की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई। समाज और जनता के आग्रह पर मिनीमाता ने राजनीति के माध्यम से समाज सेवा का मार्ग चुना। उनके पति जगत गुरुगोसाई अगम दास जी स्वतंत्र भारत के सांसद चुने गए थे वे ब्रिटिश सरकार के अंतरिम गवर्नमेंट में 1936 में मध्य भारत से सांसद मनोनीत किए गए थे। गुरु गोसाई अगम दास अचानक सतलोक गमन के उपरान्त मिनीमाता जी उपर गुरुपद की जिम्मेदारी भी आ गई साथ ही 1952 के आम चुनाव में लोकसभा की सदस्य चुनी गईं और इस प्रकार छत्तीसगढ़ क्षेत्र से प्रथम महिला सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया। वे1952सेअगस्त 1972तक लगातार लोकसभा में जनता का प्रतिनिधित्व किया।

इसके बाद उन्होंने कई बार लोकसभा में जनता का प्रतिनिधित्व किया और संसद में अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग, गरीबों और वंचितों की आवाज़ को मजबूती से उठाया।

**संसद में योगदान-** मिनीमाता का संसदीय जीवन अत्यंत सक्रिय और प्रभावशाली रहा। उन्होंने संसद में कई महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उठाया।

**उनके प्रमुख योगदानों में शामिल हैं -**

छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आवाज़ उठाना

दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा

महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की वकालत

शिक्षा और सामाजिक सुधार के लिए प्रयास

माना जाता है कि अस्पृश्यता उन्मूलन और सामाजिक समानता के विषयों पर उन्होंने संसद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

व्यक्तित्व और विचार

मिनीमाता का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, करुणामयी और प्रेरणादायक था।

उनके जीवन के मूल विचार थे

सभी मनुष्य समान हैं

जाति-भेद और छुआछूत मानवता के विरुद्ध है

समाज में प्रेम, सहयोग और समानता होना चाहिए

शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है

ये विचार वास्तव में गुरु घासीदास जी के सतनाम दर्शन से प्रेरित थे, जिसमें कहा गया है

मनखे-मनखे एक बरोबर अर्थात सभी मनुष्य समान हैं।

**दुखद निधन-** मिनीमाता का जीवन समाज सेवा में निरंतर व्यतीत हुआ, लेकिन 11अगस्त को 1972 को भोपाल से दिल्ली जाते समय मे एक विमान दुर्घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया। यह घटना पूरे देश के लिए अत्यंत दुखद थी।

उनके निधन से छत्तीसगढ़ और सतनामी समाज ने एक महान नेत्री और मातृसुलभ मार्गदर्शक को खो दिया।

**स्मृति और सम्मान-** आज भी छत्तीसगढ़ और भारत में मिनीमाता को अत्यंत सम्मान के साथ याद किया जाता है। उनके नाम पर कई संस्थाएँ और स्थान स्थापित हैं, जैसे छत्तीसगढ़ के प्रथम विधानसभा भवन का नाम मिनीमाता के नाम रखा गया था।

मिनीमाता चौक (रायपुर)

मिनीमाता कॉलेज। मिनीमाता हसदेव बागों परियोजना,मिनीमाता बस स्टैंड रायपुर,मिनीमाता सम्मान

विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ और स्मारक

उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर समाज के लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को याद करते हैं।

**निष्कर्ष-** ममता मयी मिनीमाता का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण की अमर कहानी है। उन्होंने समाज के सबसे कमजोर वर्गों की आवाज़ बनकर लोकतंत्र को मजबूत किया।

वे केवल एक सांसद नहीं थीं, बल्कि मानवता, समानता और ममता की जीवित प्रतिमा थीं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्ची सेवा वही है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

आज भी उनके आदर्श हमें प्रेरित करते हैं कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहाँ समानता, भाईचारा और मानवता सर्वोपरि हो। गुरुमाता ममता मई मिनीमाता उनके जयंती के अवसर पर शत शत नमन है।

**आलेखः--राजमहंत प्यारेलाल कोसरिया**
**सतनाम पंथ तपोभूमि गिरौदपुरी**
**अगमधाम खंडवापुरी मो नं 9406083167**

# साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे

**अजीत द्विवेदी**

उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानमंद के साथ जो हो रहा है वह भारतीय समाज के अंदर पल रही एक बड़ी बीमारी का लक्षण है। वह बीमारी धार्मिक और सामाजिक विभाजन की है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए बढ़ाया जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि देश और समाज इस कदर निभाजित हुआ है। पहले समाज के स्तर पर विभाजन चुनावों के समय दिखते थे। हालांकि वह भी बहुत सीमित होता था। लेकिन आज स्थायी रूप से एक विभाजन दिखता है और दुर्भाग्य की बात यह है कि नेताओं के साथ साथ धर्मगुरु, आध्यामिक कार्यों में लगे लोग और साधारण से लेकर शंकराचार्य के स्तर तक साधु संत भी राजनीतिक लाइन पर बंटे हुए हैं। लोग साधु, योगी और कथावाचक की जाति खोज ले रहे हैं और फिर उस आधार पर उसके समर्थन या विरोध में खड़े हो जाते हैं। लेकिन यह किसी स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत नहीं हो रहा है। केंद्र की मौजूदा सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक लाभ के लिए सुनियोजित तरीके से इस विभाजन को बढ़ा रही है। शंकराचार्य का मामला और यूजीसी की नियमावली इसके दो ताजा संकेत हैं।

बहरहाल, यह दुर्भाग्य है कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और इसके 140 करोड़ लोगों के नैतिक, धार्मिक या आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करने वाले साधु या संत या धर्मगुरू खोजने से नहीं मिलेंगे लेकिन नफरत फैलाते साधु संत चारों तरफ मिल जाएंगे। इतिहास में कभी भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा ऐसी नहीं रही थी। ईसाई धर्मगुरू भड़काऊ बातें करते थे और झूठे सच्चे वादे करके धर्म परिवर्तन कराते थे या इस्लाम के प्रचारक मौलाना आदि भड़काऊ भाषणों से लोगों को उकसाते थे, जिहाद के लिए प्रेरित करते थे लेकिन हिंदू साधु संत इस तरह के काम नहीं करते थे। यह अंतर बहुत साफ दिखता था और ऐसा इसलिए भी है क्योंकि बुनियादी रूप से ईसाई और इस्लाम दोनों राजनीतिक धर्म हैं, जो लालच या भय से फैलाए गए हैं। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवाद को फैलाने वाली शक्तियों के तौर पर ईसाई पादरियों और चर्च को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि पहले इनके पादरी आते हैं, फिर इनके व्यापारी आते हैं और अंत में इनकी सेना आती है। इसी तरह इस्लाम तलवार के दम पर फैलता है यह आरोप अक्सर लगते रहते हैं। लेकिन इस तरह की बातें हिंदू धर्म को लेकर नहीं कही जाती हैं तो इसका कारण यह था कि हिंदू धर्म के शंकराचार्य हों या दूसरे साधु संत हों वे समाज सुधार के कार्यों में रहते थे या धार्मिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक श्रेष्ठता प्राप्त करने के उपक्रमों में रहते थे। समय के साथ साथ इसमें बड़ा बदलाव आया है। अब भारत के साधु संत खुल कर राजनीति की बातें करते हैं। पार्टियों और नेताओं का समर्थन करते हैं। पांच हजार साल की सनातन परंपरा से अलग हट कर इस या उस नेता को हिंदू धर्म के रक्षक के रूप में रेखांकित करते हैं। सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली बातें करते हैं। जाति और धर्म को लेकर ऐसी टिप्पणियां करते हें, जैसी टिप्पणी करने से नेता भी हिचकते हैं। देश के सम्मानित माने जाने वाले साधु संत महिलाओं को लेकर ऐसी अनर्गल बातें करते हैं, जिन्हें सुन कर सिर शर्म से झुक जाता है। आज साधु संतों का आकलन उनकी योग्यता या धार्मिक, आध्यात्मिक उपलब्धियों के आधार नहीं किया जाता है, बल्कि इस आधार पर किया जाता है कि उसके आश्रम में कितनी भीड़ जुटती है, उसके आगे पीछे कितनी गाड़ियां चलती हैं, उसके आश्रम में कौन नेता, अभिनेता या खिलाड़ी पहुंचा, उसे कैसी सुरक्षा मिली हुई है आदि आदि। अगर धर्मगुरू चार्टर्ड फ्लाइट से चलता है तो वह सर्वश्रेष्ठ मान लिया जाएगा भले उसकी बातें कितनी भी मूर्खतापूर्ण और समाज का विभाजन करने वाली क्यों न हों। यह स्थिति एक राष्ट्र और समाज के रूप में भारत को रसातल में ले जा रही है। बहरहाल, विषयांतर हो गया लेकिन प्रयागराज वे माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ जो हुआ और अब जिस तरह से एक दूसरे संत के हिस्ट्रीशीटर शिष्य द्वारा उनके खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराया गया है वह इस गंभीर व्याधि का एक लक्षण है। सबको पता है कि अविमुक्तेश्वरानंद वाचाल हैं।

## संक्षिप्त-खबर

### दिव्या कलिहारी बनीं प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका...क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों में हर्ष



**पाटन।** साहू समाज के संगठनात्मक विस्तार के तहत छग प्रदेश साहू संघ द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों में जिम्मेदारियों का मनोनयन किया गया है। इसी क्रम में दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुनकट्टा निवासी दिव्या कलिहारी को प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका नियुक्त किया गया है। दिव्या कलिहारी को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज की महिलाओं को संगठित कर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। मनोनयन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने दिव्या कलिहारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, धनराज साहू, खेमलाल साहू, किशन हिरवानी,किशोर साहू, गुलाब साहू, पारखत साहू,रामनारायण साहू,गायत्री साहू, उमेश साहू, गोपेश साहू,हरिशंकर साहू,संतोष साहू,शुकदेव साहू,बेनीराम साहू,रिंकी साहू,अर्जुन साहू,सरिता साहू,खेमीन साहू,तनुजा साहू,रामाधार साहू,सालिक साहू,ओमप्रकाश साहू,मोहन साहू, टीकाराम साहू, रेखराम साहू,मधुकांता साहू,भानुप्रिया साहू,त्रिवेणी साहू, मनीष साहू, रेखराम साहू,महेंद्र साहू,मनोज कलिहारी,शशिभूषण साहू,भुनेश्वर साहू,कौशल बनपेला,ललिता साहू,दानीराम साहू,गिरधर साहू,जयंत साहू सहित सामाजिक जनों ने बधाई दी है।

### गवलीपारा में नि :शुल्क डायबिटिज केयर कैम्प आज

**दुर्ग।** गवलीपारा स्थित सुगम शगुन द्वार के पास आज 14 मार्च को निःशुल्क डायबिटिज केयर कैंप का आयोजन किया गया है। शिविर में नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद खाण्डवे मरीजों की जांच करेंगे एवं उन्हें आवश्यक परामर्श देंगे। यह शिविर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। डायबिटिज से पीड़ित मरीज शिविर में शामिल होकर शिविर की निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठा सकते है। शिविर के आयोजक अनिल मेडीको गवलीपारा के संचालक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में लोग डायबिटिज के नियंत्रित नहीं होने से परेशान है। जिसके चलते वे अत्यधिक दवाईयों का सेवन करने मजबूर होते है, जो गलत है। डायबिटिज से मुक्ति के लिए डायबिटिज को समझना जरुरी है। यह क्यों होता है, उसे पूर्ण रूप से इसे कैसे नियंत्रित करें। इसकी संपूर्ण जानकारी निःशुल्क डायबिटिज केयर कैंप में जरुरतमंद मरीजों को दी जाएगी।

### साई मंदिर समिति की 15 मार्च को साधारण सभा की बैठक

**दुर्ग ।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति (साई मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह की साधारण सभा की बैठक एंव होली मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे साई मंदिर परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वप्रथम फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां मनाई जाएगी। इसके अलावा बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक साई महोत्सव सत्र 25-26 के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण, समिति के चार वर्षीय कार्यकाल वाले आगामी निर्वाचन के संबंध में चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक प्रस्तावों एंव सुझावों पर चर्चा को एजेंडे के रुप में शामिल किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति (साई मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### जिले में कुटुम्ब न्यायालय हेतु 2 परामर्शदाताओं की भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**सरायपाली नृपनिधी पाण्डेय (समय दर्शन)** - छत्तीसगढ़ कुटुम्ब न्यायालय नियम 2007 के अधीन कुटुम्ब न्यायालय महासमुन्द (लिंक कोर्ट सरायपाली) में 02 परामर्शदाताओं की भर्ती की जाएगी। इसके लिए इच्छुक स्थानीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महासमुंद ने बताया कि चयनित परामर्शदाताओं को राज्य शासन द्वारा प्रति मामले 500 रुपये मानदेय प्रदान किया जाएगा। एक दिन में अधिकतम 1500 रुपये तक मानदेय देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 01 अप्रैल 2026 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छत्तीसगढ़) में जमा कर सकते हैं। आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या कार्यालयीन समय में सीधे बंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला न्यायालय महासमुंद की वेबसाइट https://mahasamunddcourts.gov.in पर उपलब्ध है।

# सारंगढ़ के कटेली स्थित केजरी राइस मिल में भीषण आग, लाखों का धान जलकर खाक



**सारंगढ़-बिलाइगढ़।टारजन महेश (समय दर्शन)** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम कटेली स्थित केजरी राइस मिल में आज भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। आग इतनी जबरदस्त है कि मिल में रखा लाखों रुपये का धान 'धु-धु' कर जल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है, लेकिन आग पर काबू पाना अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

सारँगढ दमकल की नाकाफी व्यवस्था, आग बुझाने में आ रही दिक्कत,?आग लगने के तुरंत बाद नगरपालिका की दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया। हालांकि, आग की लपटें इतनी विकराल हैं कि स्थानीय दमकल का पानी आग बुझाने के लिए अपर्याप्त साबित हुआ। पानी की कमी के कारण आग बुझाने के शुरुआती प्रयास विफल रहे, जिससे मिल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

अन्य जिलों से बुलाई जा रही मदद ,आग की भयावहता को देखते हुए और स्थानीय संसाधनों की कमी को भांपते हुए प्रशासन ने पड़ोसी जिलों से दमकल की गाड़ियां मंगवाया। 4 दमकल की गाड़ियां से आग बुझाने की भारी प्रयास किया गया है लेकिन काबू पाना मुश्किल था , जिससे नुकसान का आंकड़ा अभी नही लगाया जा सकता है। राइस मिल में डंप किया गया लाखों का धान आग की चपेट में।?प्रशासनिक मुस्तैदीः पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात।?वर्तमान स्थितिः स्थानीय दमकल विफल, बाहरी मदद का इंतजार।?मौके पर मौजूद हैं जिम्मेदार ?राइस मिल के संचालक और पुलिस प्रशासन की टीम ग्राउंड जीरो पर मौजूद है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

# जल जीवन मिशन के दावों की खुली पोल ,वनांचल के भालुपानी में ग्रामीण और स्कूली बच्चे कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर





**सारंगढ़-बिलाईगढ़- टारजन महेश (समय दर्शन)** प्रदेश में 'हर घर जल' पहुंचाने के सरकारी दावे वनांचल क्षेत्रों में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। जिला मुख्यालय से दूर ग्राम पंचायत परसदा (छोटे) के आश्रित ग्राम भालुपानी में आज भी आदिम युग जैसी स्थिति बनी हुई है। यहाँ की लगभग 250-300 की आबादी भीषण जल संकट से जूझ रही है और अपनी प्यास बुझाने के लिए पूरी तरह से असुरक्षित कुएं के पानी पर निर्भर है।

**शो-पीस बनकर रह गया जल जीवन मिशन-** हैरानी की बात यह है कि गाँव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण हो चुका है और घर-घर में नल कनेक्शन के लिए चबूतरे भी बना दिए गए हैं। लेकिन महीनों सालो जाने के बाद भी इन नलों से एक बूंद पानी नहीं टपका है। करोड़ों की लागत से बनी यह योजना केवल कागजों और शो-पीस तक सीमित रह गई है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**नौनिहालों की सेहत से खिलवाड़-** जल संकट का सबसे बुरा असर गाँव के स्कूलों पर पड़ रहा है। भालुपानी के प्राथमिक शाला (9 बच्चे) और माध्यमिक शाला (13 बच्चे) के विद्यार्थी और रसोइया मध्याह्न भोजन बनाने के लिए कुएं के पानी का ही उपयोग करते हैं। खुले कुएं का पानी दूषित होने की आशंका बनी रहती है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**दो वार्डों की भारी आबादी परेशान-** गाँव में कुल दो वार्ड हैं जहाँ की आबादी 250 -300 के करीब है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ। भीषण गर्मी की दस्तक से पहले ही जब यह स्थिति है, तो आने वाले दिनों में जल संकट और भी विकराल रूप ले सकता है।

**ग्रामीणों में आक्रोश-** ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल जीवन मिशन के तहत की गई फिटिंग में पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई और कुएं पर निर्भरता खत्म नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस वनांचल क्षेत्र की सुध कब लेते हैं।

# राज्यसभा में फिर गूंजेगी छत्तीसगढ़ की आवाज : फूलोदेवी नेताम के पुनर्निर्वाचन पर अब्दुल कलाम खान ने दी बधाई



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य के रूप में फूलोदेवी नेताम के पुनः निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। उनके दोबारा राज्यसभा पहुंचने को प्रदेश की मजबूत आवाज और महिला नेतृत्व के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राजस्थान-ओडिशा प्रदेश प्रभारी अब्दुल कलाम खान ने उनसे आत्मीय मुलाकात कर पुष्प-गुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च सदनों में से एक राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना अत्यंत गौरव और बड़ी जिम्मेदारी का विषय है।

अब्दुल कलाम खान ने कहा कि फूलोदेवी नेताम ने अपने पिछले कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के जनहित और प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को संसद में प्रमुखता से उठाया है। उनके अनुभव, समर्पण और कार्यकुशलता को देखते हुए ही पार्टी हाईकमान ने उन्हें दोबारा राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि फूलोदेवी नेताम अपने दीर्घ राजनीतिक अनुभव के साथ संसद में छत्तीसगढ़ के विकास, आदिवासी समाज और आम जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेंगी।

अब्दुल कलाम खान ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व में समान अवसर दिए हैं और फूलोदेवी नेताम का पुनर्निर्वाचन उसी विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

गौरतलब है कि फूलोदेवी नेताम ने अपने पिछले कार्यकाल में प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक और जनहित से जुड़े कई मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद में रखा, जिसके कारण उन्हें पुनः राज्यसभा के लिए चुना गया है।

# आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक : 135 साल पुरानी प्रतिमा की निकली शोभायात्रा, अभिषेक-पूजन के बाद प्रसादी बांटी



**राजनांदगांव।** भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर गुरुवार को दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन में दिगंबर जैन समाज ने भक्ति और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और दिनभर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि सुबह 8.30 बजे मंदिर में स्थापित करीब 135 वर्ष पुरानी भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान भजन-कीर्तन और अहिंसा के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्वयं रथ को खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की।

शोभायात्रा में भगवान के सारथी बनने का सौभाग्य कोषाध्यक्ष सुदेश जैन (महावीर फर्नीचर परिवार) को मिला। वहीं जैन आदर्श महिला मंडल और जैन बालिका मंडल की सदस्यों ने हथकरघा के अहिंसक वस्त्र पहनकर जैन धर्म के सिद्धांतों का संदेश दिया।

शहर भ्रमण के बाद मंदिर में भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। पात्र चयन के माध्यम से संतोष झांझरी, शिरीष जैन, डॉ. एमके दिवाकर, अनिल बड़कुल, पंकज जैन और चंद्रकांत जैन को सौधर्म इंद्र बनकर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। पूजा-अनुष्ठान पंडित ताराचंद शास्त्री और पंडित प्रभात कुमार जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसके बाद गंज लाइन में निर्माणाधीन पाषाण जिनालय के सामने प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल सहित रविकांत जैन, मनोज जैन, अनिल जैन, अखिलेश जैन, ललित जैन, सीमा जैन, मीना जैन, सपना जैन, रुपाली जैन और श्रद्धा जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समाज के सदस्यों ने आस्था स्कूल के मूकबधिर बच्चों को नई बेडशीट भी वितरित की और मिठाई बांटकर जन्मोत्सव की खुशियां साझा कीं। इसके साथ ही गौशाला पहुंचकर गुड़-रोटी और हरा चारा दान किया गया।

शाम 7.30 बजे भगवान की महाआरती और तीर्थंकर बालक का पालना झुलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झांझरी ने कहा कि भगवान ऋषभदेव ने मानव समाज को असि, मसि और कृषि का ज्ञान देकर सभ्य जीवन जीने की दिशा दिखाई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पीसी जैन, डीसी जैन (पूर्व सीएमओ), पार्षद रानू जैन, विजय जैन, चंद्रकांत जैन, नीलम जैन, पूनम जैन, प्रतीक जैन, सुधीर जैन, राजेश जैन खन्ना सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। अंत में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झांझरी और सचिव सूर्यकांत जैन ने सभी का आभार जताया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा एक नवजात शिशु को किया गया सुरक्षित संरक्षण प्रदान



**जांजगीर-चांपा, //समय दर्शन /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व में एक नवजात शिशु को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि ग्राम बिर्रा क्षेत्र अंतर्गत बनडभरा निवासी श्री मनोज कश्यप (पिता रामप्रसाद कश्यप, उम्र 30 वर्ष) द्वारा पुलिस विभाग को सूचना दी गई कि उनके बाड़ी के बाथरूम के दीवार के किनारे जमीन पर एक अज्ञात नवजात बालक असुरक्षित एवं लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात महिला द्वारा नवजात को परित्याग करने के आशय से वहां छोड़ दिया गया था। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस विभाग के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम एवं चाइल्ड लाइन के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और नवजात शिशु को सुरक्षित वहां से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के बाद शिशु स्वस्थ पाया गया। आगे की प्रक्रिया के तहत नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा शिशु के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उसे तत्काल मातृ छाया विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, कोरबा में सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया है।

# पाटन महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 प्रचार प्रसार कार्यशाला प्रारम्भ




**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन के द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के प्रायोजन में प्रारंभ हुआ। इस कार्यशाला का विशिष्ट अतिथि डॉ. एम. एस. गुप्ता, संचालक रूसा रायपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं डॉ. नंदा गुरवारा प्राचार्य शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे हुए सहायक प्राध्यापक/ प्राध्यापक एवं उनके साथ आए हुए छात्रगण भी शामिल थे। प्रतिभागी छात्रगण अपने महाविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रतिनिधि के रूप में प्रचार प्रसार टोली में शामिल हुए थे। इन छात्र-छात्राओं ने शासकीय महाविद्यालय पाटन के कला मंच में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं और उनके क्रियान्वयन के महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखते हुए गीत, प्रहसन, नृत्य- नाटिका, नुक्कड़, नाटक आदि माध्यमों का चयन किया । प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर, रंगोली एवं लोकगीतों आदि की भी प्रस्तुति की गई। इससे पूर्व राज्य परियोजना कार्यालय रूसा के संचालक डॉ. एम.एस. गुप्ता ने इस आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा की प्रशंसा की । अपने महाविद्यालयों के सभी सदस्यों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रचार प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी। प्राचार्य एवं कार्यशाला के संरक्षक डॉ नंदा गुरवारा ने कार्यशाला में पधारे अतिथियों, विषय विशेषज्ञों, प्राध्यापकों, एन इ पी एमबेस्डरों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय उच्चर शिक्षा अभियान रूसा 2.0 से प्राप्त अनुदान के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय पाटन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वैदिक काल से भारत देश सांस्कृतिक मूल्यों परंपराओं तथा भाषा एवं शिक्षा की दृष्टि से समृद्ध रहा है बदलते हुए वैश्विक परिवेश में भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ समाज को समावेशित किया जाना अतिआवश्यक है। संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित पाटन महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्ययन अध्यापन जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्तमान में रोजगारपरक एवं बहुआयामी शिक्षा प्रणाली है। भारतीय ज्ञान मूल्य के साथ-साथ उद्योग, तकनीक कौशल आधारित व्यवहारिक शिक्षा पर आधारित प्रणाली है. कार्यशाला के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम संयोजक समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं। इस अवसर पर अन्य महाविद्यालयों से पधारे हुए प्रचार-प्रसार टोली के प्राध्यापक और उनके प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों तथा इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की भागीदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि संभागीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिंदुओं जैसे आंतरिक परीक्षा प्रणाली, ग्रेडिंग प्रणाली, सर्टिफिकेट डिग्री एवं डिप्लोमा स्तर कोर्स, क्रेडिट प्रणाली आदि को विद्यार्थियों को समझने में मदद मिलेगी. मुख्य अतिथि डॉ. एम. एस. गुप्त ने महाविद्यालय में नवनिर्मित क्रिएटिव कॉर्नर की जानकारी प्राप्त की एवं छात्र छात्राओं की रचनात्मकता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के प्रयासों की सराहना की। कार्यशाला में दुर्ग संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों से, प्राध्यापक/ सहायक प्राध्यापक सहित एनइ पी एम्बेसडर छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी । जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा पोस्टर, रंगोली एवं हृश्वक्कसंबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । पाटन महाविद्यालय की कु. पायल साहू ने ललित निबंध और गायन के कलात्मक संयोजन के माध्यम से विचार अभिव्यक्त किया. पाटन महाविद्यालय की हृश्वक्क टोली ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय सुआ- गीत द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शामिल पाठ्यक्रमों के प्रमुख कोर्स को बताते हुए गीत प्रस्तुत किया. महिला महाविद्यालय भिलाई सेक्टर -9 की टोली ने प्रहसन के माध्यम से नई और पुरानी शिक्षा प्रणाली की तुलना की । खैरागढ़ से आये हुए प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में संगीत विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने कार्यशाला के द्वितीय सत्र में भरतनाट्यम ओडिशी और कत्थक नृत्य के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया. महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ साधना राहटगावकर ने हारमोनियम में खैरागढ़ विश्वविद्यालय की संगीत टीम के साथ भावपूर्ण प्रस्तुती प्रदान की। इस कार्यक्रम का मंचीय संचालन डॉ. गौरव शर्मा ने और सांस्कृतिक संचालन डॉ. साधना राहटगांवकर ने किया. कार्यक्रम के संयोजक श्री जागृत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.। कार्यशाला में विभिन्न महविद्यालय के प्रतिभागियो सहित महविद्यालय के समस्त अधिकारीयों कर्मचारियों व छात्र छात्राओं की उपस्तिथि रही।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेशन पारा में विधायक देवेन्द्र यादव का जोरदार स्वागत : आसिफअली



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई नगर के लोकप्रिय विधायक देवेंद्र यादव का राजनादगांव प्रवास के दौरान श्रीकिशन खंडेलवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, मन्ना यादव की उपस्थिति में कांग्रेस नेता आसिफ अली के नेतृत्व में स्टेशन पारा में फूल-माला पहनाकर एवं पटाखें फोड़कर जोरदार स्वागत किया, उसके बाद आसिफ अली ने विधायक श्री यादव को पार्षद कार्यालय में वरिष्ठजन और युवा साथियों से मुलाकात करवाया।

इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद छोटे लाल रामटेके, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अफजल अली, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंग, प्रदेश महासचिव मानव देशमुख, हितेश गोन्नाडे, मंडल अध्यक्ष हनीफ खान, मंडल अध्यक्ष निरंजन पासवान, मंडल अध्यक्ष गोपी रजक, मंडल अध्यक्ष कृष्णा मेश्राम, मंडल अध्यक्ष राहुल गजभिए, विशाल गड़े, राहुल देवांगन, शैलेश ठावरे, नरेंद्र सिन्हा, शेख अनीश, जय प्रकाश साहू, प्रमोद सोनटेके, चंचल देवांगन, सलीम खान, छोटू साहू, राजेंद्र नेताम, गोपी टंडन, शिव लाल यादव, गोपाल सिन्हा, विष्णु रगड़े, राहुल बघेल, भावेश बुद्धदेव, धीरज रामटेके, जितेन्द्र साहू, गोलू राजपूत, जुगनू ठाकुर, ऋषि रजक, कांता अग्रवाल, सौरभ यादव, पप्पू यादव, परवेज खान, राजेश सिन्हा, हरि साहू, शेरू ढल्ला, मोहनीश साहू, हनी रगड़े, गोलू पाल, कोमल साहू, गोलू चौहान, दिनेश मानकर सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

**मंगेली(समय दर्शन)** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में चिकित्सकों की सतर्कता और कुशल उपचार से शिक्षक नगर मुंगेली के 09 वर्षीय बालक अभिषेक सोनी के कान में फंसा अरहर के दाना को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। समय पर किए गए उपचार से बच्चे को राहत मिली और उसके परिजनों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। सिविज सर्जन डॉ. एम.के.राय ने बताया कि जांच में अभिषेक सोनी के दोनों कानों में अरहर का दाना फंसा हुआ था, जिससे उसे काफी असुविधा हो रही थी। जिला चिकित्सालय के कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मरीज को सर्जरी करने की सलाह दी। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार बेलदार (निश्चेतना विशेषज्ञ) के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दोनों कानों से दाने को सुरक्षित निकाल लिया गया। सफल उपचार के बाद सिविल सर्जन ने जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम की सराहना की। वहीं, बच्चे के परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

### आबकारी विभाग में 'खाने के दांत कुछ और, दिखने के दांत कुछ और' की स्थिति, शमसुल आलम का आरोप



**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने जिले के आबकारी विभाग में अधिकारियों, बाबुओं, इंस्पेक्टरों और लोकेशन ऑफिसरों के भ्रष्टाचार में मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिले में बीयर की बॉटलों में नकली रैपर की जो शिकायतें सामने आई हैं, उसमें विभाग का पूरा सिस्टम शामिल है। शमसुल ने बताया कि शहर में पुलिस प्रशासन सख्त है, इसलिए आबकारी विभाग ने नए-नए तरीके अपनाकर भ्रष्टाचार को अंजाम देना शुरू कर दिया है। उनके अनुसार, लंबे समय से विभाग में कार्यरत कुछ कर्मचारियों की भूमिका हर कार्रवाई में अहम रही है। नियमों के विरुद्ध, आबकारी स्पेक्टर श्रीमती झोले द्वारा बारों का निरीक्षण कर सहायक आबकारी आयुक्त से लाइसेंस जारी किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि एरिया मैनेजर और लोकेशन ऑफिसर केवल नाम के लिए जवाबदेह बनाए जाते हैं, जबकि छोटे कर्मचारियों और सुपरवाइजर पर कार्यवाही कर दी जाती है। इसके साथ ही, आबकारी इंस्पेक्टर तुलेश्वरी देवांगन पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है, जो पूरे सिस्टम की मानसिकता का प्रतीक है। शमसुल ने चेतावनी दी कि जोगी कांग्रेस आबकारी आयुक्त आर. संगीता के साथ मिलकर जल्द ही कई चौंकाने वाले खुलासे करेगी और लंबे समय से जमे भ्रष्ट कर्मचारियों को हटाकर विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करने की मांग करेगी। साथ ही, नकली स्टिकर वाले मामले में राजनांदगांव कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की जाएगी।

# भाजपा राज में नशे की खेती को संरक्षण, कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव कर जोरदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** दुर्ग क्षेत्र के ग्राम समोदा में भाजपा पदाधिकारी विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने और बलरामपुर जिले में भी इसी तरह के प्रकरण उजागर होने के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान 250 प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी भी दी। अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक से निकले कांग्रेसियों के जुलूस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नशे की खेती को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भाजपा कार्यालय के चारों ओर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली के रूप में वहां पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग उठाई।

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सत्ता के संरक्षण में नशे का कारोबार और अवैध खेती बढ़ रही है। दुर्ग और बलरामपुर में सामने आए अफीम खेती के मामले बेहद गंभीर हैं। यदि सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के नाम ऐसे मामलों में सामने आ रहे हैं तो



यह सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करेगी और युवाओं को नशे की ओर धकेलने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी।

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि प्रदेश में नशे के बढ़ते मामलों को लेकर आम जनता चिंतित है, लेकिन सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रही है। उल्टा सत्ता से जुड़े लोगों के नाम ही ऐसे मामलों में सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के भविष्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज करेगी।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल व रमेश राठौर, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, प्रदेश सचिव मेहुल मारु, कमलजीत सिंह पिंटू, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी व भागवत साहू, दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री राहुल तिवारी व पंकज बांधव, जिला प्रवक्ता अनीस खान, क्रांति बंजारे, महेन्द्र यादव, उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

**09 वर्षीय बालक के कान से सफलतापूर्वक आपरेशन कर निकाला गया फंसा दाना**

**मंगेली( समय दर्शन )** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में चिकित्सकों की सतर्कता और कुशल उपचार से शिक्षक नगर मुंगेली के 09 वर्षीय बालक अभिषेक सोनी के कान में फंसा अरहर के दाना को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। समय पर किए गए उपचार से बच्चे को राहत मिली और उसके परिजनों ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। सिविज सर्जन डॉ. एम.के.राय ने बताया कि जांच में अभिषेक सोनी के दोनों कानों में अरहर का दाना फंसा हुआ था, जिससे उसे काफी असुविधा हो रही थी।



जिला चिकित्सालय के कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मरीज को सर्जरी करने की सलाह दी। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ. राजेश कुमार बेलदार (निश्चेतना विशेषज्ञ) के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दोनों कानों से दाने को सुरक्षित निकाल लिया गया। सफल उपचार के बाद सिविल सर्जन ने जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम की सराहना की। वहीं, बच्चे के परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की।

## विशु अजमानी के नेतृत्व में युवाओं ने किया भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव का भव्य स्वागत



**राजनांदगांव।** भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के आगमन पर युवाओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विशु अजमानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा टोल प्लाजा पर जुटे और फूल-मालाओं तथा जयकारों के साथ विधायक का जोरदार अभिनंदन किया।

स्वागत के दौरान माहौल उत्साह और जोश से भरपूर रहा। उपस्थित युवाओं ने विधायक के जनसेवा कार्यों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद विधायक यादव काफिले के साथ स्टेशन पारा पहुंचे, जहां वे एक विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर युवाओं ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक हमेशा आम जनता और युवाओं के बीच सक्रिय रहते हैं, जिससे उनके प्रति लोगों में खास सम्मान और विश्वास बना हुआ है।

कार्यक्रम में विशु अजमानी के साथ संजय साहू, शुभम कसार, हर्षिल भलावे, अभि गुप्ता, प्रियंश भीमटे, सोमिल जैन, संजू रामटेके, विकास राजपूत, सिद्धार्थ गुप्ता, हर्ष राजपूत, यश वर्मा, स्वर्णिम राजपूत, भव्येश साहू, पियूष साहू सहित बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद रहे।

## दिल्ली में युवक की हत्या के विरोध में हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन, आरोपियों को फांसी देने की मांग



**राजनांदगांव।** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में एक युवक की हत्या की घटना के विरोध में हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने गुरुवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया।

मंच के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि उत्तम नगर थाना क्षेत्र की हस्तसाल पुनर्वासित कॉलोनी में होली के दौरान हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय युवक तरुण की कथित रूप से भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मंच के प्रतिनिधियों ने घटना को अमानवीय बताते हुए इसमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि इस घटना से देशभर के हिंदू समाज में आक्रोश और चिंता का माहौल है। मंच ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

इस दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इनमें सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रभात गुप्ता, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, नीलू साहू, मुकेश सोनी, गोविंद साहू, रोहित तिवारी, कुबेर साहू, राजू साहू, आनंद गुप्ता, रोहित यादव, हेमलाल ढीमर, आशीष सोनी, चंद्रकांत बघेल, दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से किसान तिजऊ राम बने आत्मनिर्भर

**01 एकड़ में कमाए 02 लाख 70 हजार रुपये की शुद्ध आय**

**मुंगेली(समय दर्शन)** उद्यानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत आधुनिक खेती को अपनाकर विकासखंड मुंगेली के ग्राम सेमरचुवा निवासी किसान तिजऊ राम ने ग्राफ्टेड बैंगन की खेती में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया और अच्छी आमदनी अर्जित की। उन्होंने सीमित भूमि और संसाधनों के बावजूद योजना का लाभ लेकर उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में 01 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन (सेंगो-704) की खेती की। आधुनिक तकनीक और उचित प्रबंधन के कारण उन्हें बेहतर उत्पादन मिला। किसान तिजऊ राम ने बताया कि ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 140 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार



में बैंगन का थोक मूल्य 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम मिलने से उन्हें लगभग 03 लाख 50 हजार रुपये की कुल आय प्राप्त हुई।

इस खेती में उनकी कुल लागत करीब 80 हजार रुपये आई, जिससे उन्हें 02 लाख 70 हजार रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक भगवती साहू ने बताया कि किसान तिजऊ राम को 30 हजार रुपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ, जिससे खेती की लागत कम हुई और आधुनिक खेती अपनाने में प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों को उन्नत बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान आधुनिक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। श्री तिजऊ राम की यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक बन रही है। वे बताते हैं कि यदि किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें और शासन की योजनाओं का लाभ लें तो कम भूमि में भी अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत लाखागढ़ में शिविर

**ग्रामीणों को स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की मिली जानकारी**

**पिथौरा(समय दर्शन)।** जिले के आकांक्षी विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम लाखागढ़ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और उनका लाभ लिया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती ऊषा घृतलहरे उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, लाखागढ़ सरपंच प्रियरंजन कोसरिया, सरकंडा सरपंच प्रियंका सिन्हा, छिबर्रा सरपंच नंदिनी दिवान, गोड़बहाल सरपंच रुक्मणी सेन, भाजपा नेता दुलीकेशन साहू, मनमोहन जैन, लाखागढ़ उपसरपंच पंचराम मटियारा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती ऊषा घृतलहरे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीणों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई विभागों की सेवाएं और जानकारी उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अन्य लोगों को भी इनके प्रति जागरूक करें।

सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा श्रीमती योगेश्वरी बर्मन एवं नीति आयोग के एबीएफविकास दीप टंडन के नेतृत्व में यह शिविर केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड पिथौरा में चल रहे संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन उमेश दीक्षित ने किया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक परामर्श दिया गया। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ी जानकारी दी गई तथा योजना से संबंधित लंबित मामलों का निराकरण किया गया। साथ ही किसानों को आधुनिक खेती और कृषि से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों की जांच की गई तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। विभाग द्वारा महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य और बाल देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

वहीं शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई और विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत कराया गया।

## खबर-खास

### आधी रात गांधी मैदान में क्रेटा कार में लगी आग,कार जलकर खाक



**गरियाबंद।** नगर के हृदय स्थल गांधी मैदान स्थित बीओ ऑफिस के सामने खड़ी एक क्रेटा कार में देर रात अचानक आग लग गई।घटना करीब रात 1:30 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अभय सिंग भारतीय जीवन बीमा के सेटेलाइट ब्रांच के गरियाबंद मैनेजर अपनी क्रेटा कार से रात को वापस लौटा और जिस मकान में वे किराए में रहते थे उससे थोड़ी दूर बि ई ओ ऑफिस के सामने अपनी कार को रोज की तरह खड़ी कर घर चले गया,वही कार ऑफिस के सामने हल्के कचरे के ढेर के पास खड़ी थी।इसी दौरान अचानक कार में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।आग इतनी भयानक थी कि पूरी कार जलकर खाक हो गई।घटना की सूचना मिलने पर देर रात फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची,लेकिन तब तक आग कार में पूरी तरह फैल चुकी थी और वाहन बुरी तरह जल चुका था।वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार में आग शॉर्ट सर्किट,कचरे में लगी आग या किसी अन्य कारण से लगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

### संघर्षों को पार कर रेनु वर्मा बनीं आत्मनिर्भर, स्व-सहायता समूह से बदली जिंदगी

**दुर्ग।** दुर्ग निवासी रेनु वर्मा ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सहयोग से उन्होंने कई आजीविका गतिविधियाँ शुरू कर आज अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। रेनु वर्मा बताती हैं कि समूह से जुड़ने से पहले उनके सामने कई आर्थिक समस्याएँ थीं। घर की आय सीमित थी और किसी भी छोटे व्यवसाय को शुरू करने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं थी। कई बार उन्हें जरूरत पड़ने पर अधिक ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक दबाव और बढ़ जाता था। संसाधनों की कमी, व्यवसाय का अनुभव न होना और बाजार की जानकारी का अभाव भी उनके सामने बड़ी चुनौतियां थीं। बिहान स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत शुरू की। समूह के माध्यम से उन्हें रिवॉल्विंग फंड तथा बैंक ऋण प्राप्त हुआ। प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने अपनी आजीविका को मजबूत करने में किया। उन्होंने चॉइस सेंटर की शुरुआत की, जहां ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार अपडेट, बिजली बिल भुगतान जैसी ऑनलाइन सेवाएँ उपलब्ध कराई जाने लगीं। इसके अलावा उन्होंने सब्जी बाड़ी के माध्यम से मौसमी सब्जियों की उन्नत खेती शुरू की और स्थानीय बाजार में उसकी बिक्री की। साथ ही पशुपालन के तहत गाय पालन शुरू कर दुग्ध उत्पादन से नियमित आय का स्रोत भी बनाया। शुरुआती दौर में इन कार्यों को स्थापित करने में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन बिहान मिशन के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और समूह के सहयोग से उन्होंने धीरे-धीरे अपने कार्यों को व्यवस्थित कर लिया।आज चॉइस सेंटर से उन्हें प्रतिमाह लगभग 25 से 30 हजार रुपये की आय होने लगी है। सब्जी बाड़ी से उन्हें सालाना लगभग एक से 1.50 लाख रुपये की आय प्राप्त कर रही है।

# गोमार्डा अभ्यारण्य में सांभर शिकार मामला: चार ग्रामीणों ने किया सरेंडर, वन विभाग ने किया गिरफ्तार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़। ( समय दर्शन )** जिले के गोमार्डा अभ्यारण्य वन परिक्षेत्र से सामने आए सांभर शिकार मामले में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। मामले में शामिल चार ग्रामीणों ने वन विभाग के सामने सरेंडर कर दिया है। वन विभाग ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोमार्डा अभ्यारण्य वन परिक्षेत्र बरमकेला के झीलगीटार जंगल में कुछ दिन पहले एक सांभर के अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने डॉग स्क्वाड की मदद से जंगल और आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू की थी। जांच के दौरान डॉग स्क्वाड टीम गांव के एक संदिग्ध व्यक्ति निरंजन बरिहा पिता जलिंदर बरिहा के घर तक पहुंची। यहां उसके घर के सेप्टिक टैंक से सांभर के बाल और मांस बरामद किए गए थे। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था और वन विभाग लगातार उसकी तलाश कर रहा था।




**ग्रामीणों ने की ऐतेहासिक पहल – वन संरक्षक हम सभी की जिम्मेदारी–** इसी बीच शुक्रवार को गांव में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर चिंता जताई। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ लोगों की इस हरकत से पूरे गांव की छवि खराब हो रही है। इसी को देखते हुए गांव के लोगों ने सराहनीय पहल करते हुए इस मामले में शामिल चार आरोपियों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।

वन विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निरंजन पिता जलिंदर बरिहा, गंगाराम पिता फागूलाल बरिहा, पंकज पिता बाबूलाल साहू और शत्राजीत पिता धनसाय साहू शामिल हैं। चारों आरोपी ग्राम झिलगीटार के निवासी बताए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार चारों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की आगे भी जांच जारी है।

## अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 3 हाइवा जब्त

**कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में विशेष अभियान चलाकर जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर की जा रही लगातार कार्रवाई**

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 591 प्रकरण किया गया दर्ज**



**जांजगीर-चांपा// समय दर्शन!।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज के अधिकारियों के द्वारा समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम हेतु और अधिक सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने राज्य शासन के निर्देशानुसार अवैध अफीम की खेती की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी, सचिव व कोटवार एवं नगरीय क्षेत्रों में पटवारी, नगर पालिका/पंचायत की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खनि अधिकारी ने बताया कि जिला उडनदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 591 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें 1 करोड़ 67 लाख 32 हजार 540 रूपये वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशन में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बम्हडीहीह अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर 03 हाइवा जब्त कर थाना बम्हनीडीह सुपुर्द किया गया है।

## तेंदुआ ने किया एक दिन में दो लोगो के ऊपर हमला,दोनों सुरक्षित



**गरियाबंद।** गरियाबंद वन परिक्षेत्र के बेनकुरा सर्कल में एक ही दिन सुबह और रात को एक तेंदुआ के द्वारा एक महिला और एक पुरुष के ऊपर हमला कर घायल किया गया,जिसमे महिला को गंभीर चोट लगी है वही पुरुष को ज्यादा गंभीर चोट नहीं लगी,फिलहाल दोनों सुरक्षित है।

**घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बीते** – सर्कल बेनकुरा सर्कल के कमार ग्राम कुचेना,कोटरी छापर निवासी शांति बार कमार देर रात को शौच के लिए बाहर बड़ी में गई उसी दौरान एक तेंदुआ के द्वारा महिला के ऊपर हमला किया गया जिससे महिला के कान सिर और हाथ में गंभीर चोट लगी जिसे सुबह वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराए जहां घायल महिला का उपचार किया जा रहा है,वही घायल महिला के परिजनों को प्राथमिक राहत राशि के रूप में एक हजार रुपए नगद राशि पलड़िया गया।वही उसी दिन सुबह उसी सर्कल के ग्राम खट्टी में एक व्यक्ति के ऊपर तेंदुआ के द्वारा हमला किया गया लेकिन उक्त व्यक्ति को ज्यादा गंभीर चोट नहीं लगी जिसका उपचार के पश्चात उसे छुट्टी दे दिया गया था।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**दूरभाष 0788-2210876**

दुर्ग, दिनांक 09.03.2026

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 30.03.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 366/186929 | जिला दुर्ग के पोटिया मार्ग के कि.मी. 2/6 में 6 मीटर स्पॉन पुल निर्माण कार्य | 38.14 |
| 367/186930 | शासकीय शहीद डोमेश्वर साहू कॉलेज जामगांव (आर) भरर पाटन के भवन का मरम्मत कार्य | 19.87 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**

**जी- 252607169/1**


## वनांचल ग्राम बांधा में 58 परिवारों को मिला भूमि का मालिकाना हक

**कवर्धा।** शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोड़ला विकासखंड के वनांचल ग्राम बांधा में आज स्वामित्व योजना के तहत 58 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। इसके अंतर्गत ग्राम बांधा के 29, झंडी के 18 और केसदा के 11 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू सहित, नितेश अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, सरपंच गिरजा रामदयाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण लोगों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक और प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के मिलने से ग्रामीण अब बैंकों से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी। साथ ही संपत्ति के स्पष्ट अधिकार मिलने से जमीन संबंधी विवादों के समाधान में भी आसानी होगी।कलेक्टर वर्मा ने बताया कि जिले में स्वामित्व योजना के तहत कुल 28 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है, जिसमें से प्रथम चरण लगभग 8100 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में दूसरे चरण के अंतर्गत जिले में लगभग 3 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है। इनमें बोड़ला विकासखंड में 820, सहसपुर लोहारा में 337, पिपरिया में 287, कवर्धा में 643 तथा रेंगाखारकला में 125 पट्टे तैयार कर वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रक्रियाधीन प्रकरण को पूर्ण कर वितरित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस गांव में आने का उद्देश्य यहां के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है।

### दूरस्थ गांव में शिक्षा का उत्साह

**सुकमा।** जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने ग्राम कुचारास के स्कूल का दौरा किया। अधिकारियों ने बच्चों के बीच बैठकर उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया।


**कार्यालय नगर पंचायत बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

Email Id-npbasna@gmail.com PHONE No. 07724247952

**क्रमांक : 1568 /लो.नि.वि./न.प./मु.न.अ./2025-26** **बसना, दिनांक 13/03/2026**

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत बसना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु छत्तीसगढ़ PWD Bulding SOR (01.01.2025) अनुसार अधोसंरचना मद से विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 30.03.2026 | अपरान्ह 5.00 बजे तक |
| परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि | 01.04.2026 | सायं 3.00 बजे तक |
| निकाय को निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.04.2026 | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 08.04.2026 | सायं 4.00 बजे तक |

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र एवं मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड के 03 महेन्द्र नायक घर से जगदीशपुर रोड चमन घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.92 | 6700.00 | 750.00 | 04 माह |
| 2. | वार्ड क्रमांक 04 गनेकेरा रोड़ से टीकम घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 4.14 | 4150.00 | 750.00 | 04 माह |
| 3. | वार्ड क्र. 01 मनोज गहेरवाल घर से नायक समाज मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4.08 | 4100.00 | 750.00 | 04 माह |
| 4. | वार्ड क्रमांक 07 मदनी दुकान से बाबा कुटी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 7.77 | 5850.00 | 750.00 | 04 माह |
| 5. | वार्ड क्रमांक 07 सुरेश कोटक घर से पुराना कबीर मंदिर होते हुए परमानन्द निषाद घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6.66 | 5000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 6. | वार्ड क्रमांक 08 मुज्जु घर से जिलानी घर तक सी.सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.31 | 7000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 7. | वार्ड क्रमांक 10 पुराना कुआं घर से रतन घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6.34 | 5000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 8. | वार्ड क्रमांक 09 गुरुकृपा रेस्टोरेंट से सुरज महन्ती दुकान तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 4.20 | 4200.00 | 750.00 | 04 माह |
| 9. | वार्ड क्रमांक 09 सलीम गिगानी घर से आदर्श नोताणी घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.45 | 3450.00 | 750.00 | 04 माह |
| 10. | वार्ड क्रमांक 12 मिलन वस्त्रालय के बाजु में नाली निर्माण कार्य। | 1.21 | 2000.00 | 300.00 | 04 माह |
| 11. | वार्ड क्रमांक 09 प्रेम सब्जी से एस.बी.आई. गली होते हुए मेन रोड तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 4.48 | 4500.00 | 750.00 | 04 माह |
| 12. | वार्ड क्रमांक 13 नीतु सचकपुर घर से प्रकाश सिन्हा घर तक नाली निर्माण कार्य। | 7.55 | 5700.00 | 750.00 | 04 माह |
| 13. | नगर पंचायत बसना क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 03 में फुट मार्केट निर्माण कार्य। | 8.13 | 6100.00 | 750.00 | 04 माह |

**टीप**- विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय पर एवं शासन की वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in/ में अवलोकन की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बसना**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202510104500105**

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:-2025-2026**
**विषय:-ब-121**
**रुही ( प ह न. 00014 ),**
**पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार ढालन सिंह,**
**अनावेदक पक्षकार -**

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम रूही प.ह.नं. 14 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दालन सिंह पिता मनहरण सिंह निवासी ग्राम सही तहसील पाटन जिला दुर्ग ?द्वारा ग्राम रुही प.ह.नं. 14 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 82 का भुईयां नक्शा और खसरा नंबर 12002 रकबा 0.19 है. भूमि के त्रुटि सुधार के संबंध में हल्का पटवारी ?द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण खाता विभाजन हेतु विचाराधीन है।

अत: उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 17-03-2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत लिधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 26/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील पाटन**



**न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव आर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202602104090008 अ/74 25-26
**पक्षकार पुरुषोत साई पिता चुम्मनलाल साइ मौजा ग्राम करेला तह. पाटन जिला दुर्ग**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं द्वारा ग्राम करेला, प0ह0न0 45 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम साहू पिता चुम्मनलाल साहू निवासी ग्राम करेला तह0 पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम करेला प0ह0नं0 45 में स्थित भूमि ख0न0 318/5 रकबा 0.80 हे0 का मूल ऋण पुस्तिका बनी हुई थी जो कि कही गुम हो चुका है एवं लेन देन करने में काफी कठिनाईय का सामना करना पड रहा है जिस कारण से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु थाना रानीतराई का रिपोर्ट, चालान प्रति, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, शपथ पत्र की प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है, के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उपरोकतानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 25/03/2026 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**जामगांव आर**



**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क. 202603101500041**
**ब-121/वर्ष 2025-26**
**पाटन, दिनांक 10.03.2026**
**ग्राम केसरा, प.ह.नं. 39**
**तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता समारू राम निवासी ग्राम केसरा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 04.06. 1992 के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन मय दस्तावेज, प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 25/03/2026 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायव सहलीमदार**
**पाटन, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**


स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

# गौधाम योजना शुभारंभ समारोह

एवं

# पशुपालक सम्मेलन

14 मार्च 2026

दोपहर 2:00 बजे

गौधाम लाखासार एवं
गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
प्रेक्षागार, बिलासपुर (छ.ग.)



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

वर्चुअल मोड में
राज्य के समस्त जिलों में शुभारंभ



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## निराश्रित, घुमन्तू तथा जब्त किए गए गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन

**₹05 लाख**
प्रति वर्ष अधोसंरचना निर्माण/मरम्मत के लिए

**₹47 हजार-2.85 लाख**
प्रति वर्ष (1-5 एकड़) चारा विकास के लिए

**₹13,126**
प्रति माह गौ सेवकों को मानदेय

**₹10,916**
प्रति माह चरवाहों को मानदेय

### अनुदान

पोषण आहार

प्रथम वर्ष ₹10 प्रतिदिन/पशु

द्वितीय वर्ष ₹20 प्रतिदिन/पशु

तृतीय वर्ष ₹30 प्रतिदिन/पशु

चतुर्थ वर्ष ₹35 प्रतिदिन/पशु

## संरक्षण भी, संवर्धन भी
गौवंश के लिए समर्पित
# साय सरकार



**संचालन हेतु पात्र संस्थाएं –**
छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, एन.जी.ओ. (गैर-सरकारी संगठन), ट्रस्ट तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं सहकारी समिति

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in